

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 236 | ग्वालियर बुधवार 2 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## पंचतत्व में विलीन हुए भारत रत्न प्रणब मुखर्जी, नम आंखों से देश ने पूर्व राष्ट्रपति को दी अंतिम विदाई

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न प्रणब मुखर्जी आज मंगलवार 1 सितम्बर को पंचतत्व में विलीन हो गए. पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें दिल्ली के लोधी रोड स्थित शवदाह गृह में आखिरी विदाई दी गई. उससे पहले पूरे देश ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई बड़े नेताओं ने उन के घर जाकर श्रद्धांजलि दी. राजनीति के अजातशत्रु प्रणब मुखर्जी का निधन कल शाम हो गया था, वे 84 वर्ष के थे. उन्हें 10 अगस्त को सेना के रिसर्च एंड रेफ्रल हास्पिटल में भर्ती कराया गया था. उसी दिन उनके मस्तिष्क की सर्जरी की गई थी. बाद में प्रणब मुखर्जी के फेफड़ों में संक्रमण भी हो गया था. प्रणब मुखर्जी के निधन के बाद सात दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी है. प्रणब दा को अंतिम विदाई के दौरान उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी और बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी मौजूद रहीं. शवदाह गृह में मौजूद सभी लोगों ने अपने प्रिय



नेता की विदाई के दौरान प्रणब दा अमर रहें के नारे भी लगाए. उनके अंतिम संस्कार से पहले उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी ने सभी प्रक्रियाएं पूरी कीं. प्रणब मुखर्जी कोरोना पॉजिटिव थे, इसलिए उनके अंतिम संस्कार के दौरान सभी प्रोटोकॉल का पालन किया गया. प्रणब मुखर्जी के शव को लकड़ी के ताबूत में रखा गया और उनके पुत्र भी पीपीई किट पहनकर समस्त क्रियाओं का पालन किया. कोरोना काल के कारण इस अंतिम संस्कार में बहुत ही कम लोग मौजूद रहे. कल (31 अगस्त सोमवार) प्रणब मुखर्जी के निधन की जानकारी उनके बेटे ने ट्विटर पर साझा की थी. उन्होंने लिखा भारी मन से आपको सूचित करना है कि मेरे पिता श्री प्रणब मुखर्जी का अभी कुछ समय पहले निधन हो गया. आरआर अस्पताल के डॉक्टरों के सर्वोत्तम प्रयासों और पूरे भारत के लोगों की प्रार्थनाओं और दुआओं के लिए मैं आप सभी को हाथ जोड़कर धन्यवाद देता हूं.

### लोधी घाट पर हुआ अंतिम संस्कार प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर को दिल्ली के लोधी रोड स्थित श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। कोरोना संक्रमण की वजह से अंतिम संस्कार के दौरान पूर्व राष्ट्रपति का परिवार और रिश्तेदार पीपीई किट में मौजूद रहे। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखजी का निधन सोमवार शाम को सेना के दिल्ली स्थित रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल में हुआ। 10 अगस्त को उनको इलाज के लिए यहां भर्ती कराया गया था। उनके दिमाग की सर्जरी की गई थी। उस दौरान उनकी कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी। प्रणब मुखर्जी के निधन के बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने मंगलवार को उनके अंतिम दर्शन किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## इंदौर में रहे खनिज अधिकारी खन्ना के यहां लोकायुक्त छापा

### करोड़ों की काली कमाई उजागर





**इंदौर।** शहर में पदस्थ रहे बहुचर्चित खनिज अधिकारी प्रदीप खन्ना के घरों पर आज लोकायुक्त ने दबिश देकर करोड़ों की काली कमाई का पता लगाया है। तैंतीस साल की नौकरी में खन्ना की अब तक की आय 75 लाख रू. होती है। घर में जो लाखों रूपए नगदी मिले हैं उसका हिसाब खन्ना नहीं दे पाये। लोकायुक्त छापे एक साथ इंदौर और भोपाल में लगाए गए। पहले खन्ना पर जांच शुरू हुई थी जो बाद में दबा दी गई। खन्ना का साढ़े तीन करोड़ का बंगला मिला जो माउंटबर्ग कालोनी में है। इसके साथ ही बैंक, बीमा पॉलिसी भी हाथ लगी है। खन्ना ने खनिज इंस्पेक्टर से नौकरी की शुरूआत की थी। इंदौर में वे चार साल रहे। डेढ़ माह पूर्व ही उनका स्थानांतर हुआ। आरोप है कि प्रतिदिन वे एक लाख रूपए की काली कमाई करते थे। पटेल नगर इंदौर स्थित बंगले पर लक्झरी गाड़ियों का काफिला सुबह से लगता था। उनकी रेत और खदान कारोबारियों से अच्छी दोस्ती थी।

### 13 लाख की ज्वैलरी, 9 लाख कैश मिला

लोकायुक्त डीएसपी इंदौर लोकायुक्त प्रवीण सिंह बघेल ने बताया कि प्रदीप खन्ना के घर छापामार कार्रवाई में शुरुआती जांच में 9 लाख रुपए नकद, 13 लाख की ज्वैलरी, 4 टू व्हीलर, 2 फोरव्हीलर समेत इंदौर, भोपाल में प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले। छापे की कार्रवाई अभी चल रही है।

### अलसुबह 4 बजे ऐसे मारा खनिज अधिकारी के घर छापा

सुबह 4 बजे इंदौर से आई 10 से 12 सदस्यीय लोकायुक्त की टीम भोपाल में पुलिस कंट्रोल रूम पर पहुंची। यहां से तीन से चार गाड़ियों में करीब 4:30 बजे गौतम नगर स्थित खनिज अधिकारी के घर पहुंची। घर से करीब 25 से 30 मीटर पहले ही मोड पर गाड़ियों को खड़ा कर दिया गया। इसके बाद खनिज अधिकारी के घर को आगे और पीछे दोनों तरफ से घेर लिया गया, जिससे वहां से कोई भागकर निकल ना सके। खनिज अधिकारी को सोते हुए उनके घर में पकड़ा गया। लोकायुक्त पुलिस की टीम जांच की लगातार कार्रवाई की।



## गणपति बप्पा को विदाई प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिये की प्रार्थना

### मुख्यमंत्री चौहान ने निवास पर निर्मित जल कुण्ड में किया श्रीगणेश प्रतिमा का विसर्जन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अनंत चतुर्दशी के अवसर पर निवास पर निर्मित कुण्ड में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया। श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान एवं दोनों पुत्र कर्तिकेय सिंह चौहान और कुणाल सिंह चौहान तथा उनके निजी स्टाफ के सदस्य निवास से मुख्यमंत्री आवास परिसर में बने कुण्ड तक चल समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी प्रदेशवासियों से अनंत चतुर्दशी के अवसर पर अपने-अपने निवास पर ही गणेश विसर्जन कार्यक्रम संपन्न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए अपनायी जाने वाली सावधानियों का निरंतर अनुसरण अभी आवश्यक है। इस अवसर पर श्री चौहान ने सभी प्रदेशवासियों की मंगल की कामना भी की। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ% का उदघोष करते हुए निकले चल समारोह में मुख्यमंत्री उनके परिवार के सदस्य और निजी स्टाफ के सदस्यगण भजन, गणपति वंदना गाते और भगवान श्रीगणेश का जयकारा लगाते हुए सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री निवास के गेट क्रमांक दो के पास बने अस्थायी जल कुण्ड पर आरती के साथ बप्पा का विसर्जन किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान ने भक्तों को प्रसाद वितरण किया। वातावरण श्रद्धा, भक्ति-भाव और उल्लास से भर उठा।

## जीडीपी में 23.9 की ऐतिहासिक गिरावट, भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को डुबा दिया

**नई दिल्ली।** कोरोनाकाल के चलते दुनिया में लगे सबसे बड़े लॉकडाउन ने भारत की अर्थव्यवस्था को रसातल में पहुंचा दिया है। बीते दिन आए जीडीपी के आंकड़ों के बाद से ही कांग्रेस पार्टी मोदी



सरकार पर हमलावर है। मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने फिर केंद्र पर निशाना साधा। प्रियंका ने कहा कि 6 महीने पहले ही राहुल गांधी ने आर्थिक सुनामी आने की बात कही थी। प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट कर लिखा कि आज से 6 महीने पहले राहुल गांधी जी ने आर्थिक सुनामी आने की बात बोली थी। कोरोना संकट के दौरान हाथी के दांत दिखाने जैसा एक पैकेज घोषित हुआ लेकिन आज हालत देखिए डीपी 23.9 प्रतिशत, भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को डुबा दिया। प्रियंका से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी इन आंकड़ों पर धानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेर चुके हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला:

## एमपी के महाकाल मंदिर में पंचामृत पूजन पर रोक, ज्योर्तिलिंग को घिसने, रगड़ने पर प्रतिबंध

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर मंदिर में शिवलिंग के नुकसान (क्षरण) के मामले को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया. इसमें पंचामृत पूजन पर रोक के साथ ज्योतिर्लिंग को घिसने और रगडने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है. इसके साथ महाकाल मंदिर प्रबंध समिति को आदेश किया है कि मंदिर समिति क्षरण रोकने के उपायों को तत्काल लागू करें. कोर्ट ने कहा कि एक्सपर्ट कमेटी के सुझावों को अमल में लाएं. इस कमेटी ने ज्योतिर्लिंग का क्षरण रोकने के लिए मंदिर समिति को सुझाव दिए थे. बताया जाता है कि साल 2013 में उज्जैन की सारिका गुरु नामक महिला ने महाकाल मंदिर में शिवलिंग क्षरण को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. बाद में यह केस सुप्रीम कोर्ट चला गया तभी से लगातार सुनवाई चल रही थी. उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह की मानें तो शुरुआती जानकारी के अनुसार अभी फैसले की कुछ बातें पता चल पाई हैं. गौरतलब है कि पंचामृत पूजन में दूध,



दही, घी, शक्कर और फलों का रस मिलाकर पंचामृत तैयार किया जाता है. इसके बाद पंचामृत को शिवलिंग पर रगड़ कर पूजन अभिषेक किया जाता है. कई बार श्रद्धालु दर्शन के दौरान दूध और जल चढ़ाते वक्त शिवलिंग पर हाथ रगड़ते हैं. इससे पहले भी क्षरण रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए महाकाल मंदिर समिति ने कई उपाय किए थे. विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र है. यहां श्रद्धालु मंदिर के गर्भ गृह तक जाकर शिवलिंग को छूकर दर्शन करते हैं और भगवान से आशीर्वाद लेते हैं. अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नए नियमों को पालन मंदिर समिति को कराना होगा, जिससे शिवलिंग का क्षरण होने से रोका जा सके.

## चीन सीमा पर तनाव के बीच एनएसए अजित डोभाल ने हालात पर चर्चा के लिए की अहम बैठक

**नई दिल्ली।** भारत-चीन सीमा पर हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। ताजा मामले में चीन ने पैंगोंग इलाके में घुसपैठ की कोशिश की है। भारत ने चीनी सैनिकों की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अब सीम पर टैंक तैनात कर दिए गए हैं। इस बीच दिल्ली में भी हलचल बढ़ गई है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल



ने मंगलवार को बॉर्डर के हालात के मसले पर अहम बैठक की। सूत्रों के अनुसार अजित डोभाल ने शीर्ष अफसरों के साथ भारत-चीन बॉर्डर के हालात पर चर्चा की और लद्दाख घटना पर पूरी जानकारी तलब की। आपको बता दें कि 29-30 अगस्त की रात को चीन की ओर से जो घुसपैठ की गई, उसके बारे में सरकार की ओर से ही बयान जारी किया गया था।

## कोरोना संक्रमण में भारत दूसरे नंबर की दौड़ में, मौतों की संख्या 65 हजार के पार

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण के मामले में भारत जल्द ही ब्राजील को पीछे छोड़ने वाला है। इस हफ्ते अगले दो-तीन दिन के भीतर भारत ब्राजील से आगे निकल सकता है। भारत में इस बीमारी से अब तक 65,412 लोगों की मौत हो गई है। इस प्रकार संक्रमण और मौत के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। हालांकि भारत में मृत्यु दर सबसे कम है। लेकिन संक्रमण की रफ्तार चिंताजनक हो चुकी है। पिछले 5 दिनों से लगातार 70 हजार से ऊपर नए संक्रमित मिलने के बाद सोमवार को कुछ राहत मिली जब नए संक्रमितों की संख्या 61 हजार 59 आई। पिछले लगभग 10 दिन के रिकॉर्ड को देखते हुए यह कम संख्या ही कही जाएगी। हालांकि प्रतिदिन दुनिया में सबसे ज्यादा कोरोनावायरस संक्रमित भारत में ही मिल रहे हैं। यहां अब तक 36 लाख 80 हजार 995 लोगों को कोरोना संक्रमण हो चुका है। इनमें से 28 लाख 34 हजार 910 ठीक भी हो चुके हैं। देश में एक्टिव मरीज 7 लाख 80 हजार 70 हैं। देखा जाए तो देश में इतने आईसीयू बेड उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन सुकून की बात



यह है कि कोरोना से संक्रमित होने वाले 90त्न मरीज गंभीर मरीजों की श्रेणी में नहीं आते। उन्हें मामूली लक्षण रहते हैं, जिनका उपचार 10 - 15 दिनों में साधारण दवा से हो जाता है। फिलहाल गंभीर मरीजों की संख्या उतनी नहीं है कि भारत की स्वास्थ्य सेवाएं कम पड़ें। किंतु जैसी कि आशंका है आने वाले दिनों में प्रतिदिन ढाई लाख से अधिक नए संक्रमित मिल सकते हैं।

### मध्य प्रदेश के उपचुनाव

## कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है. जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख और पूर्व सीएम कमलनाथ इन नामों की सूची एआईसीसी को भेजेंगे, इसके बाद इसकी औपचारिक घोषणा की जायेगी. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने 5 सीटों पर 2 नामों का पैनल तय किया है, वहीं 7 सीटों पर दो से तीन नाम के सुझाव अभी आए हैं. पार्टी जल्द ही पहली सूची के 15 नामों का ऐलान कर देगी. बताया जा रहा है कि कई सीटों पर जातीय समीकरणों की वजह से नाम तय करने में मुश्किलें आ रही हैं. सभी



नाम तय होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ यह सूची एआईसीसी को भेजेंगे. एआईसीसी से ही एमपी उपचुनाव के उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया जाएगा. सूची के अनुसार भांडेर से फूल सिंह बरैया, गोहद से राम नारायण सिंह, अंबाह से सत्य प्रकाश सखवार, मेहगांव से राकेश सिंह चतुर्वेदी, मुरैना से राकेश मावई, दिमनी से रविंद्र सिंह तोमर, ग्वालियर से सुनील शर्मा, जौरा से भानु प्रताप सिंह, आगर से विपिन वानखेड़े, बमोरी से के एल अग्रवाल, पोहरी से हरीवल्लभ शुक्ला, सांवेर से प्रेमचंद गुड्डू, सुवासरा से राकेश पाटीदार, हाटपिपलिया से राजेंद्र सिंह बघेल, बदनावर से राजेश अग्रवाल के नामों की घोषणा की है. वहीं बताया जा रहा है कि बाकी सीटों पर दो-तीन नाम का पैनल तय किया गया है, जिसमें करेरा से प्रागी लाल जाटव और शकुंतला खटीक, सुमावली से अजब सिंह कुशवाह और बलवीर सिंह दंडोतिया, सांची से संदीप मालवीय, मदन लाल चौधरी, मुंगावली से प्रदुम सिंह दांगी, विजय सिंह, डबरा से सत्य प्रकाश परसेडिया, वृंदावन कोरी, कमल सिंह राजे, सुरखी से अरुणोदय चौबे, नरेश जैन, सुनीता पटेल के नाम में सूची में है.


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com, Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# किसान के खेत से जबरन निकाली रेत, रोकने पर लगा दिया कट्टा

दबोह(अर्पित गुप्ता)

अवैध रेत के खनन को लेकर लगातार मप्र कॉग्रेस के पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ.गोविंद सिंह व भाजपा से पूर्व विधायक रसाल सिंह लगातार मैदान में उतरकर रहे हैं पर रेत का अवैध उत्खनन है कि रुकने का नाम नही ले रहा है।मामला भिण्ड जिले के दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम डडुआ का है जहाँ पर डडुआ निवासी किसान की जमीन से जबरन रेत निकालने पर जब किसान द्वारा रोक टोक की गई तो उत्खनन करने वाले माफियाओ ने किसान पर कट्टा लगा दिया।विस्तार से जानकारी के लिये यहां बता दें कि डडुआ निवासी बब्लू बघेल ने घटनाक्रम के बाद दबोह थाना पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि नदी किनारे मेरा खेत है जिसमे रेत निकली हुई है आज जब मैं अपने खेत पर गया तो वहां देखा कि पीपरी निवासी भँवर पाल व राकेश बाढई ट्रैक्टर से ररेत भर रहे थे।जब मैंने उसका विरोध किया और उनसे कहा कि मेरा खेत खराब हो जाएगा उसमे फसल नही उगेगी तभी भँवर पाल व राकेश बाढ़ई अन्य दो लोगो को साथ लेकर आया जिनको मैं जानता नही।उन्होंने रोकने पर मुझे थप्पड़ मारा एवं कट्टा निकाल कर बोले मुझे रोका तो मैं कट्टे से मार दूंगा।कट्टा दो लोगो के पास था जिनका नाम भँवर पाल व राकेश बाढ़ई था।जिसके बाद फरियादी बब्लू बघेल ने डायल 100 लगातार पुलिस को मौके पर बुलाया।घटना के बाद दबोह थाने पर आकर फरियादी द्वारा नामदर्ज शिकायती आवेदन दिया गया है अब देखना यह है कि पुलिस इन रेत माफियाओ पर क्या कार्यवाही करती है।



## ग्राम डडुआ में धड़ल्ले के फलफूल रहा रेत का कारोबार

थाना दबोह के अंतर्गत आने वाले ग्राम डडुआ में रेत का अवैध उत्खनन जोरो से चल रहा है।यहां से ट्रेक्टरों व जेसीबी की सहायता से रेत निकालकर उसका उत्खनन उप्र के कोंच,उरई के साथ अन्य जगह व मप्र के दबोह में जोरो से जारी है।अगर प्रशासन गुप्त तरीके के एक टीम बनाकर रात में यहां छापामार कार्यवाही कर तो निश्चित ही ट्रको का जखीरा,ट्रैक्टर व जेसीबी को मौके से पकड़ा जा सकता है।जानकारी के लिए यहां बता दें कि यहां रेत के चक्कर मे कई मजदूर लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं फिर भी प्रशासन चुप्पी साधे हुए कठपुतली की तरह सब देख रहा है।

# पिछोर विधायक के पी सिंह कक्काजू ने जन चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

रिपोर्टर--सुरेन्द्र बाथम

भौंती --- जन जन के लाडले विधायक के पी सिंह कक्कजू का एक दिवसीय कार्यक्रम दौरे के लिए ग्राम भौंती पर आए और जन चौपाल लगाकर दूर दूर के गांव से आकर लोगों ने अपनी अपनी समस्याए विधायक श्री के पी सिंह के पास रखी और लोगों की समस्याओं का तुरंत निराकरण भी किया गया इस मौके पर शंकर कुशवाह ,मंगल सिंह परमार ,सेक्टरअध्यक्ष भौंती, , नाथूराम गुप्ता,के पी राजा, अतुल पहारिया, सुरेन्द्र बाथम, अजय पवार ,गजेंद्र परमार,मीडिया प्रभारी इशरहील ( सोनू ) खान- जिला महा सचिव युवा काग्रेंस कमेटी शिवपुरी ,आदि लोग मौजूद रहे



### सी एम हेल्पलाइन पर भारी पड़ रही है केपी सिंह कक्काजू की जनसुनवाई

सरकारी अफसरों के दफ्तरो की चौखट पर नाक रगड़ने बाले गरीव व असहाय लोगों के काम चुटकियों में हो जाते है हल आप को बता दे कि जब से विधयाक के पी सिंह राजनीति में आये है तब से वह जन चौपाल लगाकर जनसुनवाई करते आ रहे है और ऐसा ही नही इस जन चौपाल में कोई भी समस्या हो विधयाक के सामने रखते ही हल हो जाती है समस्या घर की हो या बाहर की फैसला ऑन द स्पॉट करते है फिर वह चाहे किसी भी पार्टी का हो उसकी वह समस्या चुटकी में हल करते है । यही कारण है कि वो पिछोर विधानसभा में ही नही बल्कि पूरे मध्यप्रदेश लोकप्रिय बने रहते है

# शिवसेना की उपराज्यपाल से निलंबन रद्द करने की अपील



जम्मू -- शिवसेना बाला साहेब ठाकरे ने एक केएएस अधिकारियों को उनके खिलाफ आरोपों की उचित जांच किए बिना निलंबित एवं अटैचमेंट करने के प्रशासनिक निर्देशों की कड़ी निंदा करते हुए , जम्मू-कश्मीर उपराज्यपाल से हस्तक्षेप कर इंसाफ की गुहार लगाई। पार्टी कार्यालय में आयोजित आज एक पत्रकारों वार्ता में अध्यक्ष जेएंडके मनीश साहनी ने जम्मू के तहसीलदार पर उक्त कार्यवाही को लेकर रोष व्यक्त किया और कोविद -19 महामारी के बीच एक प्रशासनिक अधिकारी के निलंबन पर नाराजगी व्यक्त की। साहनी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल माननीय मनोज सिन्हा से , महामारी के बीच निस्वार्थ रूप से अपनी सेवाओं का प्रतिपादन करने वाले उक्त प्रशासनिक अधिकारी के निलंबन आदेश को निरस्त करने की अपील की है।

साहनी ने कहा कि अपनी जान को जोखिम में डालकर बतौर फ्रंट लाइन योद्धा ,निस्वार्थता सेवाएं देने वाले इस अधिकारी की सराहना करने के बजाय, उन्होंने निलंबित कर दिया जाता है । साहनी ने कहा कि किसी भी अधिकारी को बिना जांच एवं अप्रमाणित आरोपों के आधार पर निलंबित नहीं किया जाना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष महिला विंग मीनाक्षी छिब्बर, कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी विकास बख्शी, सचिव राज सिंह, गीता रानी उपस्थित थे।

# सुंदरबनी सरपंच देवक ने बाटे डोमिसाइल प्रमाण पत्र

**सुंदरबनी।** जिला राजौरी के उपजिला सुंदरबनी पंचायत देवक में सरपंच बोधराज शर्मा ने डोमिसाइल प्रमाण पत्र बांटे। इस मौके पर पंचायत देवक के स्थानीय लोग मौजूद रहे। सरपंच बोधराज शर्मा ने कहा तहसील बिभाग के साथ मिलकर पंचायत के हर एक परिवार को डोमिसाइल प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पंचायत देवक में जमीनी स्तर पर काम करूंगा और पंचायत के किसी भी नागरिक को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय सरपंच ने लोगों को करोना की महामारी के चलते लोगों को सोशल



डिस्टेंस बनाए रखना और मास्क लगाकर घर से निकलना आदि के लिए भी पंचायत के लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग बिना काम के घर से ना निकले घर पर ही रहें और सुरक्षित रहें। सरपंच बोधराज शर्मा ने 150 के करीब डोमिसाइल प्रमाण पत्र पंचायत देवक के लोगों को वितरित किए। उन्होंने कहा सरकार की हर एक योजना पंचायत तक पहुंचाई जाएगी । पंचायत देवक के स्थानीय लोगों ने सरपंच बोधराज शर्मा का कल्याणकारी योजनाएं जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए शुक्रिया अदा किया ।




## साहित्य दर्शन ई पत्रिका के प्रकाशन से रचनाकारों में नया उत्साह हुआ-डॉ. पुरोहित

### डॉ.गीता दुबे के कर कमलों से नारी ही नारायणी का ऑनलाइन हुआ विमोचन

**भवानीमंडी( अर्पित गुप्ता)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान इकाई भवानीमंडी द्वारा प्रकाशित साहित्य दर्शन ई पत्रिका के विशेषांक नारी ही नारायणी का विमोचन रविवार को आयोजित ऑनलाइन विमोचन समारोह में किया गया। परिषद के महामंत्री, संयोजक,डॉ. राजेश कुमार शर्मा पुरोहित ने बताया कि साहित्य दर्शन पत्रिका के ÷नारी ही नारायणी÷ का ऑनलाइन विमोचन देश की सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ. गीता दुबे के कर कमलों से किया गया। ऑनलाइन विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. गीता दुबे, विशिष्ट अतिथि ,बाल कवयित्री शुभांगी शर्मा, कवयित्री राजेश चौऋषिया विशेष सानिध्य कवयित्री वर्तिका शर्मा व कवयित्री नम्रता जैन रहे। ऑनलाइन विमोचन समारोह में अरुण कुमार गर्ग,राजेन्द्र आचार्य राजन, राकेश थावरिया सहित कई रचनाकार मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. दुबे ने कहा कि परिषद के डॉ. राजेश कुमार शर्मा पुरोहित जी ने साहित्य दर्शन ई पत्रिका के इस विशेष अंक में 24 रचनाकारों की रचनाएं प्रकाशित की है। मैंने पूरी पत्रिका देखी सभी रचनाकारों की उत्कृष्ट रचनाएँ हैं। श्रेष्ठ सम्पादन हेतु पुरोहित जी को बधाई देती हूँ। जिन्होंने सभी रचनाकारों को मंच देने के साथ ही हम सभी की रचनाएं प्रकाशित की है।

# गौ माता की सेवा कर रहा राष्ट्रीय बजरंग दल



रिपोर्टर खेरागढ़-ःराजकुमार राजपूत

खेरागढ़ राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली की नगला उदया गांव में एक गाय के पैर से बहुत खून निकल रहा है इसकी सूचना पर जिला उपाध्यक्ष शिवम परिहार अपनी टीम के साथ गांव में पहुंचे और सुबह 8ः00 बजे से पशु चिकित्सालय के डॉ दलवीर सिंह को फोन किया डॉक्टर साहब ने बारिश का बहाना बनाया फिर कुछ समय बाद कहीं एक घंटा 2 घंटे का समय मांगा लेकिन दोपहर 12ः00 बजे तक डॉ दलवीर नहीं आए और फोन स्विच ऑफ कर लिया डॉक्टरों का फोन स्विच ऑफ जाने के बाद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मार्केट में जाकर मेडिकल से कुछ दवाइयां खरीदी और गाय माता का इलाज किया और खून को बंद कियायह देख गांव के लोगों ने राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया वही का के डॉक्टर सरकार का पैसा खा रहे हैं लेकिन काम नहीं कर रहे जब काम समय पर नहीं होगा तो कैसे काम चलेगा राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता ना आते तो खून ना बंद होने की वजह से गाय की कुछ ही घंटों में मौत हो जाती वहां पर मौजूद सागर दक्ष हेमन्त शर्मा सूरज चौहान रोहित गर्ग अनूप बाल्मीक। ललित बाल्मीकि पंकज मित्तल आदि उपस्थित रहे

## नरेश गुर्जर बने दूसरी बार समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष



रिपोर्टर खेरागढ़-ः राजकुमार राजपूत

जगनेर में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नरेश गुर्जर को दूसरी वार विधान सभा अध्यक्ष बनाये जाने पर माला पहनाकर और स्वाफा बांधकर सम्मान किया साथ ही हाकिम सिंह कुशवाह को जिला सचिव और भारतेन्द्र तौमर को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष नरेश गुर्जर ने सभी कार्यकर्ताओं को मिशन 2022 में जुट जाने की अपील की और विधान सभा के प्रत्येक बूथ पर जाकर मजबूत करने का संकल्प लिया प्रकाश शर्मा ,दिनेश तिवारी, राहुल उपाध्याय ओमप्रकाश बघेल पप्पू मुखिया संजय खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गणेश विसर्जन



मैं अपने परिवार के साथ, कई सालों से गणेश जी का विसर्जन पूरी निष्ठा व भक्ति भाव के साथ, तथा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए घर पर ही करती हूँ। इस बार भी हम सभी ने गणेश जी का विसर्जन घर पर किया। जिससे गणेश जी हमेशा घर में रहकर हमें अपना आशीर्वाद देते रहे। और कभी भगवान के लिए बाहर नही ले जाना चाहिए। क्योंकि वह सभी देवों में सर्वप्रथम, परम् पूजनीय है। हर शुभ कार्य में गणपति जी के लिए पूजा जाता है। मैंने विसर्जन के बाद मिट्टी में बच्चो से तुलसी का पौधा भी लगवाया । पर्यावरण, का पूरा ध्यान रखते हैं। इस बार संकल्प लिया है, कि अगले वर्ष किसी धातु, या पीतल के गणेश जी को स्थापित करयेगे। जिससे बह हमेशा पूजा के स्थान पर रहकर ,हमेशा आशीर्वाद देते रहे।

**मधु शर्मा (समाज सेवी)**

**अम्बाह देश प्रेम की भावना जागृत करने एवं युवाओं में जोश भरने के लिए चम्बल में भूतपूर्व सैनिक ग्रुप की पहल...**

# 03 किमी मिनी मेराथन दौड़ में चम्बल सम्भाग के युवाओं ने दिखाया अपना दम-खम ...

केशब पडित जी अम्बाह...

अम्बाह... अम्बाह के चम्बल सम्भाग के युवाओं को फिट रखने व भर्ती के लिए प्रेरित करना और देश प्रेम की भावना को जागृत करना 01 सितम्बर 2020 दिन मंगलवार को अम्बाह शहर में चम्बल सम्भाग भूतपूर्व सैनिक ग्रुप अम्बाह के तत्वाधान में मिनी मेराथन दौड़ 03 किमी का आयोजन सुबह 5ः30 बजे कैप्टन के. वी सिंह तोमर ने झण्डी दिखाकर दौड़ आरम्भ की यह दौड़ टेक चन्द स्कूल पिनाहट रोड गेट से सुखटी मन्दिर होती हुई अमिल्लेडा रोड मंगल पब्लिक स्कूल पर सम्पन्न हुई। इस दौड़ में 150 युवाओं ने बड-चड़ कर हिस्सा लिया तथा इस दौड़ में प्रथम तीन युवाओं को भूतपूर्व सैनिकों ने मैडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर होसला बढाया इसमें प्रथम स्थान सन्त कुमार (रुधावली) , द्वितीय स्थान सौरभ तोमर (परीक्षत का पुरा, अम्बाह ) तथा तृतीय स्थान दीपेश शर्मा (रोरियॉ पुरा ) प्राप्त किया सेना से रिटायर्ड सैनिक शशी भूषण शर्मा के अनुसार खेल कूद जैसी प्रतियोगिता व कार्यक्रम से जोश बना रहता है एवं देश प्रेम की भावना उत्पन्न होती हैं शशी भूषण शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में चम्बल सम्भाग क्षेत्र के युवाओं ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया इसमें कई धावक रास्ते में ही रूक गए और बहुत से धावकों ने दौड़ पूरी की भले ही वह इस दौड़ में स्थान प्राप्त नहीं कर सके। लेकिन उनके अन्दर आत्मविश्वास जागा और आगे होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए अच्छा प्रदर्शन करने का संकल्प किया।कैप्टन रन सिंह तोमर, रनबीर सिंह तोमर, जितेन्द्र सिंह परमार, दामोदर सिंह तोमर, बच्चू सिंह तोमर, ऋषिकेश मिश्रा, गजेंद्र सिंह तोमर, सीताराम तोमर,राजेश शर्मा, मुन्ना सिंह तोमर, शशी भूषण शर्मा, डाल सिंह, राजकुमार सिंह, अरविंद तोमर, शेर सिंह गुर्जर एवं समाज सेवी परमाल सिंह परिहार तथा अमिल्लेडा के सरपंच अजेन्ट सिंह तोमर आदि शामिल हुए...



# गरीबों किसान भाईयों को हर संकट से पार निकालेगी प्रदेश सरकार

## मुख्यमंत्री चौहान ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हंडिया का किया दौरा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को हरदा जिले के बाढ़ प्रभावित तहसील हंडिया का दौरा किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान बाढ़ प्रभावितों से मिले, उनका हालचाल जाना। उन्होने हंडिया में बाढ़ प्रभावितों को संबोधित करते हुए कहा कि इस भीषण बाढ़ आपदा के संकट में प्रदेश सरकार आपके साथ है। चिन्ता न करें, हर संभव सहायता मुहैया कराई जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में फसल, मकान, सामान हर क्षति का पूरा आंकलन कर शीघ्र राहत पहुँचाई जाएगी। आरबीसी 6-4 व फसल बीमा दोनों का लाभ प्रभावितों को मिलेगा। प्रभावितों की जिंदगी पुनः पटरी पर लाई जायेगी। सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद होगी। मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि, सहितकमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, पूरी प्रशासनिक टीम जनता की सहायता के लिये लगातर सतर्क रहेगी, ताकि बेहतर व्यवस्थाएं बनाई जा सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही कोरोना संकट की चुनौतियों से निपटने के लिये पूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की एवं संसाधन उपलब्ध कराए। बाढ़ आपदा के इस संकट से भी जनता को शीघ्र पार निकालेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 28-29 को हुई भारी बारिश , बरगी, तवा, बारना



बांधों के ओवरफ्लो होने से तथा लगातार पानी छोड़े जाने से बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारा पहला धर्म जनता की सेवा है। जब जनता संकट में हो तो शिवराज घर पर नहीं बैठ सकता। ऐसे संकट में हमने कंट्रोल रूम बनाकर मुख्य सचिव, डीजीपी के साथ चौबीस घंटे बिना सोये लगातार निगरानी बनाये रखी। कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, एसपी को भी निर्देशित किया कि वे भी बिना सोये राहत एवं बचाव कार्य का मोर्चा संभाले। भीषण बाढ़ आपदा के संकट में लगातार फोन आ रहे थे %%मामा हमें बचा लो%%, लोग बाढ़ में फंसे हुए थे। हमने प्रधानमंत्री जी, रक्षामंत्री, सेना प्रमुखों से बातचीत की और तुरन्त भारतीय वायु सेना और थल सेना का सहयोग प्राप्त हुआ। सेना के जवानों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड सहित पूरी प्रशासनिक टीम, स्वयं सेवी कार्यकर्ता ने दिन रात मेहनत करके एक-एक जान की रक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरफोर्स की टीम द्वारा बाढ़ में फंसे तीन सौ लोगों को एयरलिफ्ट के माध्यम से रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हंडिया तहसील में बाढ़ में फंसे हुए लोगों को बचाने में युवकों, स्वयं सेवी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों द्वारा किये गये प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि संतोष इस बात का है कि हम जन हानि को रोकने में सफल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसान भाईयों को फसलों के नुकसान से सुरक्षा के लिये इतिहास में पहली बार रविवार को भी बैंक खोले जाकर किसान भाईयों की फसलों का बीमा कराया गया। उन्होने कहा कि जिन गरीब भाईयों बहनों को राशन नहीं मिलता था, उन्हें भी इसी माह से राशन मिलना शुरू हो जाएगा। बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में जिनके घर डूब गये थे, उन्हें भी पचास किलो राशन उपलब्ध कराया जायेगा। बीस लाख किसानों के खाते में 4600 करोड़ रूपये डाले जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कृषि मंत्री श्री पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कृषि मंत्री ने कोरोना संकट काल और अतिवृष्टि के समय सक्रियता से कार्य कर किसानों से सतत् सम्पर्क बनाये रखा और हरसंभव मदद भी की।

# अनलॉकः खुलेंगे मंदिर और मॉल, स्कूल 30 तक रहेंगे बंद

**भोपाल।** राज्य सरकार ने अनलॉक-4 में अब मंदिर और मॉल एवं कारखाने खोलने की अनुमति प्रदान कर दी है। प्रदेश में अब रविवार को भी लॉकडाउन नहीं होगा। सभी कारखानों में अब 100 फीसद क्षमता के साथ काम होगा। सोमवार को यह निर्णय राज्य सरकार ने अनलॉक-4 की गाइडलाइन के आधार पर किया है। 21 सितंबर से नौवीं से 12वीं तक के छात्र शिक्षक से मार्गदर्शन लेने के लिए स्कूल जा सकेंगे। 30 सितम्बर तक समस्त शासकीय/अशासकीय स्कूल बंद रहेंगे। कक्षा 9-12 वीं कक्षा के विद्यार्थी 21 सितम्बर से अभिभावकों की लिखित स्वीकृति के

### रविवार को भी नहीं होगा लॉकडाउन




बाद नियम के मुताबिक स्कूल जा सकेंगे। 21 सितंबर से सामाजिक, राजनीतिक कार्यक्रम और खेलों पर लगा प्रतिबंध खत्म होगा। अधिकतम 100 लोगों की मौजूदगी में शारीरिक दूरी और सुरक्षा के उपायों के साथ कार्यक्रम किए जा सकेंगे। इनमें मास्क पहनना अनिवार्य होगा। प्रदेश में आने या जाने के लिए किसी प्रकार के ई-पास की जरूरत नहीं होगी। सिनेमा हॉल 21 सितंबर से प्रारंभ होंगे।गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार की अनलॉक-4 की गाइडलाइन के आधार पर राज्य सरकार ने तय किया है कि अब रविवार को भी लॉकडाउन नहीं होगा। यदि कहीं लॉकडाउन करने की नौबत भी आती है तो केंद्र सरकार की अनुमति लेकर सिर्फ कंटेनमेंट जोन तक इसे सीमित किया जा सकेगा। धार्मिक स्थल और मॉल खोल दिए हैं।

# राज्य वक्फ बोर्ड की आमदनी बढ़ाने के प्रयास हों

## अल्पसंख्यक मंत्री रामखेलावन पटेल ने की वक्फ बोर्ड की समीक्षा



**भोपाल।** अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने कहा है कि प्रदेश में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की इस तरह से देख-रेख की जाए जिससे बोर्ड की आय बढ़ सके। उन्होंने वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिये बोर्ड की गतिविधियों का कम्प्यूटरीकरण किये जाने पर भी जोर दिया। अल्पसंख्यक मंत्री श्री पटेल सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड में पंजीकृत संपत्तियों की संख्या 14 हजार 901 है। इनकी देख-रेख का काम वर्तमान में 2500 कमेटियों द्वारा किया जा रहा है। बैठक में जानकारी दी गई की मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का कम्प्यूटराईजेशन एवं डिजिटलाईजेशन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इनका विवरण केन्द्र सरकार की कार्यालयीन वेबसाइट 222.2ड्डद्व.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। बैठक में जानकारी दी गई कि 39 जिलों में जिला वक्फ कमेटी गठित हैं। शेष 13 जिलों में जिला वक्फ कमेटी का गठन किया जाना है। बैठक में बताया गया कि राज्य में वक्फ की कृषि भूमि की नीलामी का कार्य संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा किया जा रहा है। जबकि वक्फ सम्पत्ति पट्टा अधिनियम में संशोधन के मुताबिक वक्फ की सम्पत्ति की नीलामी कार्य में वक्फ बोर्ड को अधिकृत किया गया है। इस प्रक्रिया को अपनाने से वक्फ बोर्ड की आय को काफी हद तक बढ़ाया जा सकता है आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण श्री एम.के. अग्रवाल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य वक्फ बोर्ड श्री मोहम्मद अहमद खान को निर्देश दिये कि वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि और अन्य सम्पत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाए। उन्होंने मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड से संबंधित न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की। बोर्ड के सुप्रीम कोर्ट में 15, हाई कोर्ट में 255 प्रकरण विचाराधीन हैं। बैठक में वक्फ बोर्ड की गठित कमेटियों के कार्यों की ऑडिट की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड ने बताया कि प्रदेश की वक्फ संपत्तियों के ?द्वितीय सर्वे के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा लगातार पत्र लिखे जा रहे हैं। सर्वे का यह कार्य सर्वे कमिश्नर के माध्यम से किया जा रहा है। बैठक में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की निगरानी के लिये ठोस प्रक्रिया निर्धारित किये जाने के निर्देश अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री पटेल ने बोर्ड के अधिकारियों को दिये।

# प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शोकसभा भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि



**भोपाल।** भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के निधन पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभाकक्ष में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर ने श्री मुखर्जी के निधन पर कांग्रेस परिवार की ओर से शोक संवेदना व्यक्त कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रदेश कांग्रेस के प्रशासन प्रभारी महामंत्री राजीव सिंह ने कहा कि भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के निधन से देश ही नहीं पूरे विश्व को क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि दिवंगत मुखर्जी ने अपने राजनैतिक जीवन में जो कार्य किए वह देश हित के लिए काफी सराहनीय रहे हैं। उनकी गहरी सोच और विलक्षण योग्यता से पूरा देश चिर परिचित है। उनके निधन से पूरा देश शोकाकुल है। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश जैन, मध्य प्रदेश विधान सभा के स्थाई सचिव किशन पंत, कांग्रेस नेता सूरज पाल सिंह सहित कांग्रेस जन एवं कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कृषक मित्रों को आर्गेनिक स्टेट बनाने का दिलाया संकल्प

**भोपाल।** संस्कृति एवं आध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि मानव स्वास्थ्य के लिये रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग नुकसानदायक है। सुश्री ठाकुर ने रासायनिक खेती से मुक्ति दिलवाकर जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये कल महू में किसानों और कृषक मित्रों को आर्गेनिक स्टेट बनाने का संकल्प दिलाया। सुश्री ठाकुर ने कृषि अधिकारियों से कहा कि जैविक खेती बहुत लाभदायक है। कृषकों को इसकी अधिक से अधिक जानकारी दें। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि जैविक खाद के उपयोग से भूमि की गुणवत्ता में सुधार, जलधारण क्षमता बढ़ने के साथ वाष्पीकरण कम होता है। जैविक खेती से मृदा की उर्वरता और उत्पादन बढ़ता है। मंत्री सुश्री ठाकुर ने आर्गेनिक स्टेट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जिला और ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। सुश्री ठाकुर ने बताया कि आर्गेनिक खेती के लिये विभिन्न शासकीय योजनाओं में सब्सिडी का प्रावधान है। किसानों को इन लाभों के बारे में बताये। जागरूकता के अभाव में किसान योजनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पाते।

# गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश' अभियान में 35 लाख नागरिक बने सहभागी

## 378 नगरीय निकायों में 16 से 30 अगस्त तक चला अभियान

**भोपाल।** प्रदेश में %गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश% अभियान में 378 नगरीय निकायों में 16 से 30 अगस्त तक चले वृहद अभियान में लगभग 35 लाख नागरिकों की सहभागिता रही। प्रधानमंत्री के आह्वान को मूर्त रूप देने के लिये नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने इस अभियान को जन अभियान बनाने के निर्देश दिये। अभियान को 5 थीम में बांटकर कार्य किया गया। अभियान में 7 लाख से अधिक नागरिकों ने स्वच्छता की शपथ ली। शहरों की विभिन्न बस्तियों में 2 लाख 80 हजार नागरिकों से संपर्क कर स्वच्छता का महत्व बताया गया। गीले कचरे से कम्पोस्ट बनाने के लिये 8 लाख 70 हजार नागरिकों से संपर्क किया गया



और इस कार्य में लगे 18 लाख 35 हजार नागरिकों को सम्मानित किया गया। मास्क जागरूकता अभियान में झुग्गी-बस्तियों में नागरिकों के सहयोग से 4 लाख 65 हजार मास्क वितरित किये गये। लगभग 10 हजार कोरोना वारियर्स स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया है। शहरी स्वच्छता के लिये 3 लाख 98 हजार नागरिकों ने ऑनलाइन फीडबेक दिया। पॉलिथिन कैरी-बैग के विरूद्ध कार्यवाही में बने 18,560 चालान अभियान के अन्तर्गत 7 हजार 178 बस्तियों में जागरूकता कार्यक्रम किये गये। पॉलिथिन कैरी-बैग के विरूद्ध कार्यवाही में कुल 18,560 चालान बनाये गये। शहरों के 1,548 ऐसे स्थान जहाँ पर नागरिक और व्यापारी कचरा डालते थे, उनकी सफाई करने के साथ ही सौन्दर्यीकरण भी किया गया। क्वारेंटाइन केन्द्रों और शौचालयों की सफाई की गई। अभियान में नागरिकों की भूमिका का विस्तार और उन्हें अधिक जिम्मेदारी देने, सामाजिक सरोकारों के विषयों पर संवेदनशील बनाने, स्वच्छताकर्मियों के लिए सकारात्मक वातावरण निर्माण और स्वच्छता में जन भागीदारी बढ़ाने के प्रयास किये गये। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान में किये गये कार्यों के आधार पर नगरीय निकायों की रैंकिंग की जाएगी। अच्छी रैंकिंग में आने वाले निकायों को मुख्यमंत्री से सम्मानित करवाया जायेगा। अभियान को 5 थीम में बांटा गया था। पहली थीम थी - स्वच्छता शपथ और व्यक्तिगत शौचालयों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव। दूसरी - अनुपयोगी वस्तुओं और प्लास्टिक का रिसायकल, रियूज, रिड्यूज के साथ सिंगल यूज प्ला ?स्टिक को रिफ्यूज करते हुए शहरी कचरे के उत्सर्जन में निरंतर कमी लाना। तीसरी - कोविड परिस्थितियों में स्वच्छता, बायोमेडिकल कचरे, उपयोगित मास्क का निपटान, सेनिटाइजेशन और कोविड क्वारेंटीन केन्द्रों की साफ-सफाई और उनके शौचालयों के लिये विशेष स्वच्छता अभियान। चौथी - घरों से निकलने वाले कचरे के स्त्रोत पर पृथक्कीकरण करना और घरों से निकलने वाले हानिकारक कचरे जैसे सेनेटरी पैड, डायपर्स और दवाओं आदि को सामान्य कचरे में जाने से रोकने के लिये जागरूकता और पाँचवी थीम थी - सार्वजनिक स्थानों और सार्वजनिक शौचालयों के लिये विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन करना। प्रत्येक थीम का लक्ष्य अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँचना और जागरूक करना था।

संपादकीए

## प्रणब दा का जाना

भारतीय राजनीति में प्रणब मुखर्जी हर किसी के लिए सम्मान का प्रतीक थे। प्रणब दा को भारतीय राजनीति में एक विद्वान चरित्र के रूप में सम्मान हासिल रहा। प्रणब दा के पास इतिहास, राजनीतिक शास्त्र और कानून की डिग्रियां थीं। क्लर्क, पत्रकार और टीचर के तौर पर काम किया। फिर 1969 में पिता के नक्श-ए-कदम पर चलते हुए राजनीति में आ गए। वर्ष 2008 में उन्हें पद्म विभूषण और 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। प्रणब के राजनीतिक करियर में तीन बार ऐसे मौके आए, जब लगा कि प्रधानमंत्री वे ही बनेंगे, लेकिन तीनों बार प्रणब दा प्रधानमंत्री नहीं बन सके। इंदिरा गांधी के आग्रह पर प्रणब दा पहली बार राज्यसभा के रास्ते संसद पहुंचे थे। इंदिरा गांधी राजनीतिक मुद्दों पर प्रणब की समझ की कायल थीं। यही वजह थी कि इंदिरा ने प्रणब दा को कैबिनेट में नंबर दो का दर्जा दिया। यह इसलिए भी खास है क्योंकि कैबिनेट में आर. वेंकटरामन, पीवी नरसिम्हाराव, ज्ञानी जैल सिंह, प्रकाश चंद्र सेठी और नारायण दत्त तिवारी जैसे कद्दावर नेता थे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद अगले प्रधानमंत्री के रूप में प्रणब का नाम भी चर्चा में था, पर पार्टी ने राजीव गांधी को चुना। 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद चुनाव में कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई। माना जा रहा था कि इस बार प्रणब के मुकाबले कोई दूसरा चेहरा पीएम पद का दावेदार नहीं है, लेकिन इस बार नरसिम्हा राव को प्रधानमंत्री बनाया गया। प्रणब को पहले योजना आयोग का उपाध्यक्ष और फिर 1995 में विदेश मंत्री बनाया गया। 2004 में प्रणब मुखर्जी का नाम फिर चर्चा में था, लेकिन सोनिया गांधी ने जाने माने अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री पद के लिए चुना। भले ही प्रणब का नाता कांग्रेस से था, लेकिन वे भाजपा के दो नेताओं अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी से काफी प्रभावित थे। अटलजी को प्रणब सबसे असरदार, तो नरेंद्र मोदी को सबसे तेजी से सीखने वाला पीएम मानते थे। यहीं नहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी प्रणब मुखर्जी की तारीफ में कहा था कि जब मैं दिल्ली आया था, तब प्रणब दा ने ही उंगली पकड़कर सिखाया। प्रणब दा अपने फैसले पर कायम रहने वाले लोगों में से एक थे। उनकी यह झलक 7 जून 2019 में संघ के समारोह में शामिल होने पर दिखी थी। अलग विचारधारा के होने के बाद भी उन्होंने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। उनके इस फैसले पर कांग्रेस नेताओं ने भी सवाल उठाए थे। उनकी बेटी ने भी अपने पिता से अपील की कि वो न जाएं। लेकिन प्रणब दा आरएसएस के कार्यक्रम में नागपुर पहुंचे। वहां उन्होंने आरएसएस के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार को बड़ी शिद्दत से याद किया, जो हिंदुओं का सबसे बड़ा सगठन खड़ा करने से पहले कांग्रेस के नेता थे। संघ के कार्यक्रम में प्रणब दा गए तो जरूर लेकिन संघ की एक परंपरा भी उनकी वजह से टूटी। संघ में किसी मुख्य अतिथि के बोलने के बाद सरसंघचालक का भाषण होता है लेकिन प्रणब मुखर्जी के मामले में वो परंपरा टूट गई। वहां भी प्रणब दा ने धर्मनिरपेक्षता के अपने मूल्यों की अलख जगा दी। प्रणब दा ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में संवाद की भूमिका को हमेशा तवज्जो दी। वही भूमिका उनको अपने समकालीन नेताओं से अलग करती थी।

01सितम्बर/ईएमएस

# आत्मनिर्भरता...समय की मांग या एक पहलू का थोपना..?




आज़ादी के बाद से ही हमारा भारत आत्मनिर्भर है, या यूं कहें हमारा भारत दशकों से ही आत्मनिर्भर रहा है,भारत एक ऐसा देश है जहां किसी भी वस्तु की आपूर्ति नहीं है, फिर चाहे वे खेत-खलिहान हों,मीठा पानी हो,मसाले, सोना,टिन, बॉक्साइट, अतः भांति-भांति की भिन्न धातुएँ हो,हर वस्तु है भारत में यहां तक कि महान वैज्ञानिक,रिसर्चर्स सभी हैं। %द ग्रीन रेवोल्यूशन%,%व्हाइट रेवोल्यूशन%,%ब्लू रेवोल्यूशन%,सब तो भारत की विशेष मोमेंट्स है। वैदिक शिक्षा ,आयुर्वेद,महान वारियर्स, सेना , और सबसे ज्यादा अहम बाबा साहेब अम्बेडकरजी का दिया हुआ संविधान जिसके कारण भारत एक दिखता है भांति भांति के धर्म, जाति, भाषा, रंग,त्योहार होने के बावजूद। संविधान ने हम सभी को एकता का हक़ दिया है ,संविधान ने हमे एक धागे में पिरोया हुआ है।

फिर मौजूदा सरकार %आत्मनिर्भर%शब्द पर इतना जोर क्यों दे रही है..?

क्या वह अपने कार्यकाल की मौजूदा कमजोर रीढ़ की हड्डी को छुपाने के लिए?या इसलिए क्योंकि उसके पास युवाओं को देने के लिए नौकरियां हैं ही नहीं??पहले किसी एक संवाद में हमारे लोकतांत्रिक महाराजा ने आत्मनिर्भर युवा के लिए मात्र एक पकौड़े की दुकान लगा लेने को रोजगार बताकर आत्मनिर्भरता का संज्ञान किया ,जिससे यह प्रतीत होता है कि यदि आर्थिक तंगी का मारा हुआ युवा किसी भी तरह का स्वयं का व्यवसाय खोलता है तो उसमें हमारे लोकतांत्रिक महाराजा जरूर श्रेय लेने पहुंच जायँगे,फिर युवतियां क्या करें क्या वे पहले की भांति घरों में सिर्फ रोटियां पकायें या सरकार के दिये हुए बेरोजगारी भत्ता जो कि हर किसी तक पहुँच भी नहीं पाता उसपर जियें या उससे अपनी जीविका की उम्मीद लगायें।युवाओं से भरपूर भारत जो कि अपने आप में दुनिया के समक्ष अपनी ताकत का वजूद रखता है।उस युवा को ऐसा प्रतीत होता है कि मौजूदा सरकार उसको कमजोर बनाने की कोशिश कर रही है।उसको बजाय रोजगार देने के उसको कुंठित कर उसकी शिक्षा का उपहास कर रही है। ऐसा प्रतीत होता है मानों देश के लिए चिंतित स्वयं एकलौते वही एक नेता आये हैं,बाकियों ने तो जैसे धूल ही चाटी है,मात्र बयानों और बखानों से टिप्पड़ियां मजबूत नहीं हो जाती हैं, और फिर पात्रा जी तो वो प्राणी है जिसके खुद के घर शीशे के होने के बावजूद वे दूसरों के घरों में पत्थर मारने से नहीं चूकते ।

लगभग सारी देश की संपत्ति उन ठेकेदारों को दे दी जा रही है जो कि देश के जयचंद हैं।

यदि देश को विकासशील से विकसित देश में तब्दील करना है,तो युवाओं पर ध्यान देना चाइए बजाय उनको कुंठित करने के उनको अवसर प्रदान करने चाइए ताकि वे अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर देश के लिये उस शक्ति का उपयोग कर उसको फिर से सोने की चिड़िया बना सकें।



**पल्लवी राहुल**

(ज़िला-इटावा)




सीमा आज बड़ी बेचैन है क्योंकि उसका बेटा पहली बार आज घर से दूर रहने गया है। दिन में कम से कम 10 बार फ़ोन करके उसकी कुशलता और हाल पूछती है। उसके पति बार बार कहते है कि ,÷क्यों परेशान हो भाग्यवान कुछ नहीं होगा अब वह बच्चा नहीं 20 बरस का हो गया है और मैंने उसे अपने मित्र के यहां कमरा दिलवाया है। ÷

परन्तु वह कहां सुनती थी किसी की?

उसने कहा,÷आप मर्द लोग बड़ा निर्दयी होते हो ,आप क्या समझोगे एक मां की पीड़ा जब उसका बेटा उससे दूर जाता है।÷

तब उसका पति कहता है ,÷ भाग्यवान! मैं तुम उससे भी छोटे थे जब हमारी शादी हुई और तुम्हारी ज़िद पर मैं घर ,माँ, बाबू छोड़ कर चला आया था। अब मुझे एहसास हो रहा कि मेरी माँ कितनी परेशान हुई होगी÷।



**शुभम पांडेय गगन**

अयोध्या उप्र

## पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बेनकाब करने का अवसर

14 फरवरी 2019 को पुलवामा आतंकी हमले को लेकर करीब डेढ़ साल बाद एनआईए द्वारा आखिरकार जम्मू की विशेष अदालत में 13500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल करने के बाद साफ हो गया है कि पुलवामा हमले की साजिश कितनी गहरी थी। विस्फोटक से भरी एक गाड़ी से सीआरपीएफ के काफिले पर टक्कर मारकर किए गए उस हमले में हमारे 40 से अधिक जवान शहीद हो गए थे। चार्जशीट में आतंकी हमले के बारे में विस्तार से बताया गया है कि उस हमले को कैसे अंजाम दिया गया। डेढ़ साल लंबी बाद जांच के बाद एनआईए द्वारा 19 आतंकियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किए गए हैं, जिन्होंने साजिश रची, साजिश रचने में मदद की या साजिश को पुलवामा में अंजाम दिया। इनमें आत्मघाती हमलावर आबिद अहमद डार के अलावा सात कथित जैश संचालकों शाकिर बशीर मगरे, मोहम्मद अब्बास राथर, मोहम्मद इकबाल राथर, वाज-उल-इस्लाम, इंशा जान, तारिक अहमद शाह और बिलाल अहमद कुचे के नाम हैं, जिन्हें पिछले एक साल में हमलावरों को सहायता देने के आरोप में कश्मीर से गिरफ्तार किया गया। भले ही चार्जशीट में पाकिस्तान सरकार या उसके किसी संस्थान का नाम नहीं है लेकिन यह स्पष्ट हो गया है कि यह सारा खूनी खेल उसी की धरती से उसी द्वारा पाले पोसे जा रहे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा रचा गया था। एनआईए द्वारा जैश प्रमुख मसूद अजहर, उसके भाई मुफ्ती अब्दुल रऊफ असगर तथा मारूफ असगर को मुख्य साजिशकर्ता करार दिया गया है एनआईए ने अपनी चार्जशीट में स्पष्ट कहा है कि कैसे पाकिस्तान के बहावलपुर से जैश सरगना मसूद अजहर पुलवामा हमले को अंजाम देने वाले आतंकी उमर फारूख को लगातार वॉयस संदेश भेजकर निर्देश दे रहा था। जम्मू की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के उस पार शकरगढ़ लांच पैड से जैश के आतंकियों की घुसपैठ कराई गई और इसके लिए आतंकियों ने टनल का इस्तेमाल किया। हमले के लिए जैश आतंकी उमर फारूख कई बैच में 35-40 किलो आरडीएक्स लेकर आया था, जिसका इस्तेमाल कर कश्मीर में मौजूद आतंकियों ने अमोनियम नाइट्रेट, जिलेटिन की छड़ तथा एल्यूमिनियम पाउडर का इस्तेमाल कर विस्फोटक बनाया। एनआईए ने चार्जशीट में यह सनसनीखेज खुलासा भी किया है कि जैश आतंकी पुलवामा के बाद घाटी में ऐसा ही एक और हमला करना चाहते थे लेकिन पुलवामा के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक और अंतर्राष्ट्रीय दबाव के कारण जैश सरगनाओं ने उसे रोक दिया था। पुलवामा हमले को लेकर जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया, एनआईए के खुलासों के बाद अब कोशिश होनी चाहिए कि प्राथमिकता के आधार पर अदालती प्रक्रिया में विशेष तेजी लाकर उन्हें ऐसी कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, जो दूसरे आतंकियों की रूह कंपा देने वाली हो और आतंकी सरगनाओं के सरपरस्त बने पाकिस्तान को भी हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बेनकाब किया जाए। अगर पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड मसूद अजहर पर लगे तमाम आरोपों को अदालत में सच साबित किया जा सका तो इससे न केवल एनआईए की विश्वसनीयता कई गुना बढ़ जाएगी, इससे जैश सहित पाकिस्तान पर भी अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी में और ज्यादा दबाव बनाने में भी सफलता मिलेगी। पाकिस्तानी अवाम भले ही आज दाने-दाने को मोहताज है लेकिन यह ऐसा निकम्मा देश है, जो अपने अंदरूनी हालात सुधारने के बजाय भारत में आतंकी वारदातें करने में ही अपनी सारी ऊर्जा खर्च करता रहा है।



हालांकि जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बल आतंकियों की हर हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं, इसी साल अब तक सैंकड़ों आतंकियों को जमींदोज किया जा चुका है लेकिन जिस प्रकार पिछले कुछ समय में कई कट्टरपंथियों की गिरफ्तारियां हुई हैं और सीमावर्ती इलाकों में कई ड्रोन बरामद हुए हैं, उससे स्पष्ट है कि आतंकी वहां लगातार सक्रिय हैं और पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। उसके आतंकियों के पकड़े जाने पर उनकी तमाम स्वीकारोक्तियों के बाद भी वह हर बार झूठ का सहारा लेकर उन्हें अपना मानने से ही इन्कार कर देता है। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर भी पाकिस्तान का बड़ा झूठ बेनकाब हुआ है। उसने पहली बार माना था कि भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान में ही है लेकिन बाद में वह अपनी ही बात से मुकर गया और उसने दाऊद के वहां होने की बात से इन्कार कर दिया। पुलवामा हमला हो या भारत में अब तक हुए दूसरे बड़े आतंकी हमले, लगभग सभी हमलों के तार पाकिस्तान से जुड़े पाए गए लेकिन उसने हमेशा इन आरोपों को नकारा और अपनी धरती पर पल रहे आतंकी सरगनाओं पर नकेल कसने की कभी कोशिश नहीं की।

# भारतीय पर्यटन का संबल है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

*मजीद खां पठान*

किसी भी पर्यटन स्थल पर बुनियादी सुविधाओं की यह उपलब्धता पर्यटन बढ़ावा हेतु पहली सीढ़ी मान्य की जाती है। भारत स्थित महानगर, नगर, बड़े मझौले कस्बों में आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए क्रमशः नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर परिषद वहीं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतें कार्यरत हैं। स्थानीय नगरीय निकाय अथवा ग्राम पंचायत की जिम्मेदारियां उस समय और अधिक बढ़ जाया करती हैं जब उनके कार्य क्षेत्र सीमा अंतर्गत कोई स्थल धार्मिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक विरासत या किसी अन्य कारण विशेष से अपनी पहचान कायम किए हुए होता है। उक्त विशेषताओं के चलते उस नगर में देश अथवा विदेश के विभिन्न भागों से देशाटन में रुचि रखने वाले सैलानियों का आवागमन जारी रहता है। बस यही से पर्यटन अपना काम करना प्रारंभ कर देता है। जितनी अच्छी उस नगर में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता होगी आने वाला मेहमान उतना अधिक उस नगर के प्रति आकर्षित होगा। क्योंकि वह जिस भी पर्यटन स्थल पर जिस जिज्ञासा का समाधान अथवा स्मारक का दीदार करने का मकसद सामने रखकर आया है वो तो पूर्ण होगा ही परंतु यदि उस नगर में साथ ही उक्त पर्यटन स्थल पर भी आधारभूत ढांचा विकसित हुआ मिलता है तो मानो *सोने पे सुहागा* वाली कहावत चरितार्थ हो जाती है।

इस क्रम में याद यह रखना भी आवश्यक है कि उक्त विशेष स्थलों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र सरकार भी समय-समय पर आवश्यक धनराशि मुहैया कराते हुए प्राथमिकता क्रम में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की अभिलाषा रहती है। फिर चाहे वह देश के किसी भी भाग में



स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल हो। वही अपने अपने प्रदेश में राज्य सरकार प्रदेश स्थित प्रमुख पर्यटन एवं दर्शनीय स्थल के विकास के साथ ही उनके प्रचार प्रसार हेतु कार्य कर रही है। आशय यह है कि ऊपर वर्णित संस्थाएं अथवा सरकारें अपना-अपना दायित्व निभा रही हैं। इन सबके इतर देश में एक और ऐसी शासकीय संस्था है जो देश भीतर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों को संरक्षित संवर्धन ही नहीं कर रही है अपितु भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन भी कर रही है। हम बात कर रहे हैं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भारत सरकार) की, जो देश में पैंतीस सौ से अधिक स्मारकों को क्रमशः संरक्षण,रसायन एवं उद्यान इकाई के माध्यम से देख रेख रखरखाव आदि के अलावा स्मारकों के इर्द-गिर्द पर्यटन सुविधाओं का विस्तार एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए भारतीय पर्यटन क्षेत्र में अहम किरदार अदा कर रही है। साक्षी बनते हैं चंदेरी के राष्ट्रीय महत्व के चुनिंदा स्मारक। ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगर चंदेरी एक ऐसा पुरातन नगर है जहां पुरा संपदा का कोई अभाव न होकर यत्र-तत्र-सर्वत्र अतीत के साक्ष्य मौजूद होकर अपनी आपबीती बयान करने में सक्षम है। यही कारण रहे हैं कि यहां सोलह स्मारक राष्ट्रीय महत्व के घोषित होकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भारत सरकार) द्वारा संरक्षित होकर सुरक्षित है। उक्त स्मारकों में से नौ नगर के विभिन्न भागों में स्थित है, वही सात स्मारक ग्रामीण अंचल में मौजूद हैं। .. यूं तो सभी राष्ट्रीय महत्व के स्मारक अपनी अन्नय विशेषताओं के कारण महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत स्थित प्राचीन किलों की श्रेणी में शुमार चंदेरी दुर्ग और भी महत्वपूर्ण स्थिति अर्जित किए हुए हैं। किला पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संचालित सांयकालीन विद्युत सौंदर्यकरण चंदेरी दुर्ग को सम्मान प्रदान करता नजर आता है। अलावा इसके नगर में चन्देरी नामक संग्रहालय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भारत सरकार) द्वारा संचालित है। उक्त संग्रहालय में क्षेत्र से प्राप्त पुरा सम्पदा को प्रदर्शित किया गया है। याद रहे प्रदेश में मात्र पांच संग्रहालय भारत सरकार द्वारा संचालित है जिसमें एक चंदेरी में स्थापित है। स्मारकों की देखरेख, संरक्षण, संवर्धन हेतु क्रमशः संरक्षण एवं उद्यान इकाई कार्यरत है। अभी तक ऐतिहासिक नगर चंदेरी मात्र अपनी विलक्षण विरासत हथकरघा के माध्यम से निर्मित चंदेरी साड़ियों के लिए ही पहचाना जाता था। लेकिन अब यह नगर पर्यटन क्षेत्र में भी अपनी पहचान स्थापित कर रहा है और उस पहचान को स्थापित कराए जाने में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के योगदान को किसी भी स्तर पर दरकिनार नहीं किया जा सकता। भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय द्वारा चंदेरी को 2015- 2016 ईस्वी का %बेस्ट हेरिटेज सिटी% का अवार्ड मिलना भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण इकाई चंदेरी की उपलब्धियों में शुमार है। .आज भी नगर में जो भी सैलानी आता है वह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के स्मारकों के आस-पास मंडराता रहता है। कारण साफ है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा स्मारकों का जीर्णोद्वार, रसायन संरक्षण, साफ-सफाई इसके साथ ही बेहतरीन सादगीपूर्ण उद्यान का विकसन करना, निरंतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्धता हेतु प्रयास उपरांत अमल में लाना आदि तथ्य शामिल होने से पर्यटन को बढ़ावा मिला है। उदाहरण बने चन्देरी संग्रहालय, कुशक महल, शहजादी का रोजा, सिंहपुर महल एवं बादल महल। इस क्रम में खुशी की बात यह है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण स्थानीय इकाई के कनिष्ठ सहायक संरक्षक श्री श्याम मुरारी सक्सेना की स्वच्छ, स्वस्थ सोच का नतीजा रहा किला परिसर में हरियाली विकसन। उजाड़ पड़े किला परिसर में पिछले वर्ष एवं इस वर्ष किए गए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सद्प्रयास फलस्वरुप किला परिसर में सुव्यवस्थित उद्यान की छवि धारण करने में सहायक छोटे-छोटे, हरे-भरे पौधे भारतीय पर्यटन के साथ-साथ चंदेरी पर्यटन को बढ़ावा देने में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की भूमिका के मूक साक्ष्य हैं।



## गीत

संग मेरे चलो कुछ तो धीरज धरो
क्या हुआ रास्ता जो संकरा हो गया

दीप आशा का देखो बुझ ने ना पाए
रुख़ आंधियो का इस तरफ हो गया

फिर किसी बस्ती में देखो उठा है धुंआ
बाग नफरतों का फिर हरा हो गया

सतरंगी छटा अब नज़र आती नही
अम्बर भी देखो अब सियाह हो गया

जियें भी बताओ कैसे इस ख़ौफ़ में
रात का अंधेरा और घना हो गया

दो धारा बह रही सदियों से साथ है
मोड़ आया कभी तो भंवर हो गया

तेरी मेरी कुछ दास्तानों के सिवा
जो भी बाकी बचा वो फना हो गया

प्रिये उठो फिर बनाए घरोंदा नया
तिनके ही बिखरे है क्या नया हो गया

**डॉ तारिक़**

बागोवाली ,
ज़िला मुज़फ्फरनगर , उ प्र

## मेरा मन



मेरा मन एक स्वच्छन्द विहग है ,
जिसकी पकड मे ये सारा जहान है।

यह चहक-चहक मुझको हसाये कभी रुलाए,
अम्बर की निस्सीम उंचाईयों मैं मुझे घुमायें।

इस पथ से उस पथ में इठ्लाये,
मदहोशी के आलम मे कभी इधर-उधर जाये।

क्या करूँ मन रुपी विहग का?
न वश मे है ना पकड में,
आंखो से ओझल अजीब सी डगर है।

कुछ अरमाँ दिल मे लिये हूए , ढूंढता है मंजिल।
रम्यता युक्त सौन्दर्य का पुजारी हैं मेरा दिल।

प्रकृति की अनुपमा को तरसता है यह मन,
हर मुकाम पर कामयाबी हासिल करना चाहता है यह मन।।

**रीमा सिंघल**

ग्वालियर

## सवेरा

निशा नाश की नीव लगी तब,

समझो उदित हुआ उजियारा।
दैत्य प्रसंग विलुप्त भए तब,
किरणों ने धरा पर पैर पसारा।।



हुई यामिनी, लुप्त बिलख कर,
तारे चांद को निद्रा आई।
भोर की प्रीत, पड़ी अंबर से,
शीतल मंद, पवन उठ आई।।
पीत रंग, में रंगा दिवाकर,
जगा, जगत का पालनहारा,,
दैत्य प्रसंग, विलुप्त भये तब,
किरणों ने धरा पर पैर पसारा,,,,,,

खग, नभ में भये प्रसन्न चित्त तब,
कृषक, वृषभ ले चला सुखियारा।
पनघट, रंग बिरंग भयो तब,
पुष्प प्रतीत भए किलकारा।।
बजी पुण्य आवाज शंख की,
शुरू हुए आदर सत्कारा,,
दैत्य प्रसंग विलुप्त हुए तब,
किरणों ने धरा पर पैर पसारा,,,,

विघ्न विनाशक मंगल दायक,
नवरत्न, पूरक गणनायक।
नित उम्मीद जगे नवज्योति,
तमस को, भोर भयो खलनायक।।
विश्व, निशा से मुक्त भयो तब,
ज्योति अलख जगाए सवेरा,,
दैत्य प्रसंग विलुप्त भये तब,
किरणों ने, धरा पर, पैर पसारा।।

**संजय सिंह मीणा**

जिला करौली,
राजस्थान



लंदन में कोरोना महामारी के कारण लगे प्रतिबंध को देखते हुए जंगल में रेव पार्टी का आयोजन कर रहे एक समूह को पकड़ा गया।

# आतंकवादी हमले में तीन पाकिस्तानी सैनिकों की मौत, चार अन्य हुए घायल



**पेशावर।** अफगानिस्तान सीमा के पास उत्तर-पश्चिम में तालिबान और अल-कायदा के पूर्व गढ़ में तलाश अभियान के दौरान संदिग्ध आतंकवादियों के हमले के बाद हुई मुठभेड़ में पाकिस्तानी सेना के तीन सैनिक मारे गए। सेना ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए हमले में चार अन्य सैनिक घायल भी हो गए हैं। सेना ने हमले के संबंध में विस्तृत जानकारी मुहैया नहीं कराई। यहां उल्लेखनीय है कि दक्षिणी वजीरिस्तान काफी समय तक आतंवादियों का गढ़ रहा है, लेकिन पाकिस्तान दावा कर चुका है कि क्षेत्र में चलाए अभियानों के बाद वहां तालिबान का सफाया हो गया है। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि आतंकवादी संगठन पाकिस्तानी तालिबान को ऐसे हमलों के लिए पहले भी जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान में 6000 से अधिक पाकिस्तानी आतंकवादी छिपे हैं, जो प्रतिबंधित पाकिस्तानी तालिबानी संगठन से संबद्ध हैं। यह समूह अक्सर पाकिस्तानी सेना और उसके नागरिकों को निशाना बनाता रहा है।

# पोर्टलैंड की सड़कों पर ट्रंप समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत

**पोर्टलैंड।** पोर्टलैंड की सड़कों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों और वामपंथी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में मारा गया व्यक्ति दक्षिणपंथी समूह 'पेट्रियट प्रेयर' का समर्थक था। समूह के संस्थापक जोय गिबसन ने यह जानकारी दी है। वाशिंगटन स्थित समूह के प्रमुख गिबसन ने बताया शनिवार रात जिस व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई थी वह अच्छा मित्र था, लेकिन उन्होंने उसकी शिनाख्त नहीं की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोर्टलैंड के मेयर टेड व्हीलर ने गोलीबारी का आरोप एक-दूसरे पर मढ़ा है। व्हीलर ने ट्रंप पर जहरीला माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए कहा, वह आप हैं जिसने घृणा एवं विभाजन पैदा किया है। उन्होंने कहा आपने आधुनिक इतिहास के किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में हमें बांटने की ज्यादा से ज्यादा कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अब आप चाहते हैं कि मैं इस हिंसा को रोकूं जिसे आपने बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने इससे पहले कई ट्वीट और रिट्वीट किए थे जिनमें मौत के लिए व्हीलर को दोष देने वाले ट्वीट भी शामिल थे और एक में राष्ट्रपति अपने समर्थकों को पोर्टलैंड में जाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए भी प्रतीत हुए। ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों का सामना करने के लिए अपने समर्थकों के पोर्टलैंड में प्रवेश से जुड़े एक वीडियो साझा करते हुए लिखा महान पेट्रिअट्स। गिबसन ने बताया कि वह भी शनिवार की रात पोर्टलैंड में थे जब ट्रंप समर्थकों की ब्लैक लाइव्स मैटर्स के प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई थी। पुलिस ने हत्या के संबंध में किसी भी तरह की सूचना दिए जाने की अपील की है, चाहे वह वीडियो, फोटो के रूप में हो या किसी प्रत्यक्षदर्शी की आंखोदेखी। यह गोलीबारी ट्रंप के समर्थन में हो रही रैली के तहत 600 वाहनों के काफिले के नगर के केंद्र के लिए रवाना होने के 15 मिनट बाद हुई। यह साफ नहीं है कि गोलीबारी ट्रंप समर्थकों और पोर्टलैंड के प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प से ही संबंधित है या नहीं। पुलिस ने इस मामले में कोई सूचना जारी नहीं की लेकिन कहा कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो से अवगत हैं जिसमें गोली चलने की घटना दिख रही है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति को सीने में गोली मारी गई है।

### अध्ययन में खुलासा कोविड-19 के प्रसार में बच्चे ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते

**वाशिंगटन।** महामारी के प्रसार में बच्चों की आबादी के महत्व पर रोशनी डालने वाले नए अध्ययन के मुताबिक कोविड-19 बीमारी से ग्रस्त बच्चे, वायरस के लक्षणों के नजर नहीं आने या उनसे उबर जाने के हफ्तों बाद तक फैला सकते हैं।अध्ययन में दक्षिण कोरिया में 22 अस्पतालों में नए कोरोना सार्स-सीओवी-2 से संक्रमित 91 बच्चों पर नजर रखी गई और पाया गया कि वे उम्मीद से ज्यादा समय तक वायरल आनुवांशिक सामग्री आरएनए के वाहक होते हैं।अध्ययन में कहा,लक्षणों को देखकर बच्चों के अधिकतर मामलों में कोविड-19 की पहचान नाकाम रहती है और बच्चों में सार्स-सीओवी-2 आरएनए अनापेक्षित रूप से ज्यादा लंबे समय तक पाया गया। प्रकाशित अध्ययन में वैज्ञानिकों ने कहा कि कोविड-19 के प्रसार में बच्चे ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# शिंजो आबे जापान के इतिहास में सबसे महानतम प्रधानमंत्री - ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान के पीएम शिंजो आबे को जापान के इतिहास का %महानतम% प्रधानमंत्री बताकर सराहना की है। दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर हुई वार्ता के दौरान ट्रंप ने यह बात कही। आबे (65) ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह खराब सेहत की वजह से पद छोड़ने का मन बना रहे हैं। वह लंबे वक्त से अल्सरेटिव कोलाइटिस (आंत में सूजन से जुड़ी बीमारी) से जूझ रहे हैं। वह जापान में सबसे लंबे वक्त तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार रात आबे से फोन पर बात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने लंबी बातचीत कर पिछले चार वर्षों के कार्यों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने फोन पर हुई बातचीत की जानकारी देते हुए कहा, दोनों नेताओं ने माना कि उनके संबंध असाधारण हैं, राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री आबे को जापान के इतिहास का महानतम प्रधानमंत्री बताया। आबे के इस्तीफे की घोषणा के बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई यह पहली बातचीत थी। व्हाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री आबे ने शानदार काम किया है और कहा कि अमेरिका और जापान के बीच रिश्ते आज पहले से कहीं बेहतर हैं। इसने कहा, भले ही प्रधानमंत्री आबे जल्द ही अपना पद छोड़ने वाले हैं लेकिन राष्ट्रपति का मानना है कि वह निश्चित ही जापान के भविष्य में बड़ी भूमिका निभाते रहेंगे। व्हाइट हाउस ने साथ ही बताया कि दोनों नेताओं ने उनके बेहतरीन रिश्तों को आने वाले वर्षों में भी जारी रखने की इच्छा जताई। आबे के तब तक पद पर बने रहने की उम्मीद है जबतक कि पार्टी का नया नेता चुन नहीं लिया जाता और संसद द्वारा औपराचिक रूप से उसके निर्वाचन को मंजूरी नहीं मिल जाती। उनका कार्यकाल सितंबर 2021 में समाप्त होना है। विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने शनिवार को कहा था कि उनका देश जापान-अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने में आबे के योगदान की बहुत कद्र करता है।




लंदन में नस्लभेद के खिलाफ जारी अभियान में भाग लेते हुए लोग।

## गाजा के विस्फोटक गुब्बारों का जबाब इजराइल ने गोले दाग कर दिया

**यरूशलम ।** इजराइल और गाजा के बीच लगातार बढ़ते तनाव के कारण हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इजराइल की सेना ने कहा है कि उसने गाजा में चरमपंथियों के ठिकानों पर रविवार सुबह टैंक से हमला बोला। ये हमले हमास संचालित क्षेत्र से लगातार विस्फोटकों से लदे गुब्बारे छोड़े जाने के जवाब में किए गए। दोनों ही तरफ किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। लेकिन ये हिंसा ऐसे समय में हो रही है जब गाजा कोरोना वायरस के नये सिरे से प्रकोप का और खराब होती आर्थिक स्थितियों का सामना कर रहा है। हमास से जुड़े समूहों ने हाल के कुछ हफ्तों में इजराइल में दाहक गुब्बारे छोड़े हैं जिससे बड़े पैमाने पर खेत जलकर खाक हो गए। इजराइल ने हवाई हमलों और अन्य हमलों के रूप में इस पर प्रतिक्रिया दी है।



बेलारुस में दंगानिरोधक पुलिस के सामने विरोध व्यक्त करती हुई एक प्रदर्शनकारी महिला।

# इजराइल और यूएई के बीच पहली ऐतिहासिक व्यावसायिक उड़ान हुई शुरू

**बेन गुरियन हवाईअड्डे से इजरायली तथा अमेरिकी वीवीआईपी अबु धाबी के लिए रवाना**



**तेल अवीव।** इजराइल और यूएई के बीच पहली ऐतिहासिक व्यावसायिक उड़ान सोमवार को यहां के बेन गुरियन हवाईअड्डे से अबु धाबी के लिए रवाना हुई। अमेरिकी मध्यस्थता के बीच दोनों देशों के रिश्ते सामान्य होने के कुछ दिनों बाद इस विमान ने उड़ान भरी है। यह उड़ान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीर बेन शब्बात नीत उच्च स्तरीय इजराइली प्रतिनिधिमंडल और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार जेरेड कुश्नर और अमेरिकी राष्ट्रपति के सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओब्रायन नीत अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को लेकर जा रही है। इजराइल और यूएई ने 13 अगस्त को घोषणा की थी कि वे अमेरिका की मध्यस्थता से हुए सौदे के तहत पूर्ण कूटनीतिक संबंधों को स्थापित कर रहे हैं। इस सौदे के तहत इजराइल को वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों को अपने अधिकार क्षेत्र में मिलाने की अपनी योजना पर रोक लगानी है। इस कदम को बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि इजराइली राष्ट्रीय विमानन कंपनी, एल अल संभवतः सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र के ऊपर से होकर गुजरेगी, जिसे विश्लेषक खाड़ी देशों द्वारा इजराइल को स्वीकार किए जाने और संभवतः उस क्षेत्र में अन्य मित्रवत देशों के साथ रिश्तों के सामान्य होने के तौर पर देख रहे हैं। बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर विमान के उड़ान भरने से ठीक पहले कुश्नर ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि यह और अधिक ऐतिहासिक सफर की शुरूआत करेगा। यह उम्मीदों से भरा समय है और मेरा मानना है कि इस क्षेत्र में और विश्व भर में बहुत शांति एवं समृद्धि संभव है। बेन शब्बात ने कहा कि यात्रा के लिए इजराइल का लक्ष्य, पर्यटन, नवोन्मेष, स्वास्थ्य एवं कई अन्य क्षेत्रों में रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त कार्य योजना पर पहुंचना है।

## अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने में बाधा बन सकती है उपग्रहों की भीड़

**वाशिंगटन।** धरती से अंतरिक्ष में कृत्रिम उपग्रह लगातार भेजे जा रहे हैं। दुनिया भर के देशों में ज्यादा से ज्यादा उपग्रहों को लांच करने की होड़ मची हुई है। इसे लेकर खगोल विज्ञानियों ने चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि उपग्रहों की भीड़ अंतरिक्ष के बारे में हमारी जानकारी को प्रभावित कर सकती है। ये कृत्रिम उपग्रह न केवल रात में अन्य क्षुद्रग्रहों के समान दिखाई देते हैं, बल्कि अंतरिक्ष के रहस्यों को जानने में बाधा भी उत्पन्न कर रहे हैं। अमेरिका स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज के नेशनल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार, भविष्य में पृथ्वी से रात को नजर आने वाली आकाश की स्थिति में भी बदलाव आ सकता है। इसके लिए वे उपग्रह जिम्मेदार होंगे, जो पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार, अगले दशक में पृथ्वी की निचली कक्षा में 1.07 लाख सेटेलाइट लांच हो सकते हैं। ये भविष्य में अंतरिक्ष की खोज को प्रभावित कर सकते हैं। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी के अध्यक्ष मेगन डोनह्यू के मुताबिक, ये उपग्रह सूचना और इंटरनेट के लिए तो शानदार हैं, लेकिन कई खगोलविदें की तरह वे भी इन नए उपग्रहों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।





# भारत के छह धनी मंदिर

**भारत देश कई मायनों में अनूठा है। यहां ऐसा बहुत कुछ है जो एक पर्यटक को वो सब कुछ देता है जिसके बारे में उसने शायद ही कभी सोचा हो। आप भारत में यात्रा कहीं भी करें आपको प्रायः हर गली हर मुहल्ले हर चौराहे पर मंदिर दिख ही जाएंगे। गौरतलब है कि भारत के मंदिर जहां एक तरफ वास्तुशिल्प और मूर्तियों के मामले में बेजोड़ हैं तो वहीं ये काफी धनी भी हैं। इनमें से कुछ मंदिरें तो ऐसे हैं कि अगर भारत के सभी धनी व्यक्ति यों को एक साथ मिला दिया जाए, तो भी मंदिर की ही संपत्ति ज्यादा निकलेगी। कुल मिला के ये कहना हमारे लिए कोई बड़ी बात न होगी कि इन मंदिरों के दर पर आने के बाद अर्थ जगत के दिग्गज जैसे बिल गेट्स, अज़ीम प्रेमजी , अनिल और मुकेश अम्बानी, लक्ष्मी मित्तल भी एक हद तक बौने नज़र आएंगे। तो इसी क्रम में आज हम आपको अवगत कराएंगे भारत के चंद धनी मंदिरों से जिनकी सुंदरता और बेमिसाल वास्तुकला आपको मंत्र मुग्द कर देगी। तो आइये इस लेख के जरिये इन मंदिरों को जानें थोड़ा गहराई से।**

### श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर

तिरुअनंतपुरम केरल का श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर भारत का सबसे धनी मंदिर है। यह मंदिर भगवान विष्णु के 108 पवित्र स्थलों में से एक है। यहां भगवान विष्णु की सुंदर प्रतिमा अनंत यानी सर्प पर विराजमान है।

### वेंकटेश्वर मंदिर

हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। प्रति वर्ष आयोजित होने वाला ब्राह्मोत्सव और वैकुंता एकादशी के दौरान लाखों की तादाद में लोग आते हैं। लोग यहां अपने पसंदीदा भगवान को पैसा और सोना समर्पित करते हैं।

### वैष्णु देवी मंदिर

जम्मू और कश्मीर वैष्णु देवी मंदिर जम्मू-कश्मीर में त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित है। यह मंदिर प्रकृति की गोद में बसा हुआ है और यहां जाकर आप प्रकृति को



करीब से महसूस कर सकते हैं।

### सोमनाथ मंदिर

सौराष्ट्र सोमनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर गुजरात के पश्चिमी छोर पर पड़ता है। गुजरात के पर्यटन विभाग ने इस मंदिर का काफी प्रचार-प्रसार किया है, जिससे यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

### जगन्नाथ मंदिर

पुरी ओडीशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में वार्षिक रथ यात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जगन्नाथ का अर्थ होता है ब्राह्मांड का भगवान। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है और यहां इस पंथ को मानने वाले बड़ी संख्या में दान करते हैं।

### विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी

भगवान शिव को समर्पित काशी विश्वनाथ मंदिर हिंदुओं का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। ऐसी मान्यता है कि यहां गंगा में स्नान करने से सारे पाप धुल जाते हैं। इस स्थान की खूबसूरती देखते ही बनती है।

## मुख्य द्वार पर लक्ष्मीजी या श्रीकृष्ण का चित्र लाता है खुशहाली

**जिस मकान को अपनी पूँजी से या कर्ज लेकर बना रहे हैं, उसमें हम व हमारा परिवार सुख-शांति से रह सके. बच्चे उन्नति करें. घर में किसी प्रकार की क्षति न हो. धन-धान्य से भरपूर होकर सुखपूर्वक जीवन व्यतीत हो. इसके लिए हमें कुछ विशेष ध्यान देना होगा.**

मुख्य द्वार के खुलते ही बहते झरने का चित्र हो तो तुरंत हटा देना चाहिए, नहीं तो आर्थिक सथिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जाएगी और उन्नति में बाधा आएगी. ध्यान रहे मुख्य द्वार के सामने आईना या अलमारी में लगा काँच न हो. यदि हो तो हटा देना ही शुभ होगा. मुख्य द्वार के सामने सुख-समृद्धिदायक चित्र का लगा होना शुभ फलदायी होता है. मुख्य द्वार के सामने की दीवार पर लक्ष्मीजी या श्रीकृष्ण का चित्र लगाने से आने वाले आगंतुक पर बुरा प्रभाव नहीं होता व उसका मन प्रसन्न होने से अच्छी ऊर्जा का संचार होता है.जिसके नाम से मकान हो, उसके लिए जो दिशा





शुभ हो उसी दिशा में मकान बनवाएँ. घर के सभी द्वारों से मुख?य द्वार का बड़ा होना शुभ फलदायी होता है. मुख्य द्वार और अंतिम द्वार एक सीध में नहीं होने चाहिए. अन्यथा आने वाली ऊर्जा तेजी से अंदर आकर बाहर निकल जाएगी इसके साथ ही बाहर चलते हुए व्यक्तियों को भी अंतिम द्वार एक सीध में होने पर घर की मालूमात आसानी से हो जाती है. अत= मकान के द्वार एक सीध में नहीं होने चाहिए. यदि किसी मकान में ऐसा हो तो उसे पर्दा डालकर बंद किया जा सकता है या बीच के द्वार पर क्रिस?टल बॉल लगाकर इस दोष को दूर किया जा सकता है. मुख?य द्वार के सामने शौचालय का द्वार नहीं होना चाहिए, नहीं तो खराब ऊर्जा घर में प्रवेश करती है और आय से अधिक व्यय होने लगता है. यदि किसी के घर में ऐसा है तो उसे भी मुख्य द्वार के मध्य क्रिस्टल बॉल लगाकर दोष दूर किया जा सकता है. जहाँ तक हो शौचालय का द्वार मुख्य द्वार के सामने से बदल देना ही बुद्धिमानी होगी.

## ज्यादा नींद आने के कारण

दुनियाभर में करीब तिहाई जनसंख्या अनिद्रा की शिकार है। पर, ऐसे भी लोग हैं, जिन्हें हर समय नींद आती रहती है और किसी काम में मन नहीं लगता। अगर आपके साथ ऐसा है तो यह



हाइपरसोम्निया हो सकता है! हाइपरसोम्निया एक स्लीप डिसॉर्डर है, जिसमें रात में बहुत नींद आने के बाद भी सुबह उठने में भी परेशानी होती है। इससे पीड़ित लोगों को सारा दिन नींद आती रहती है, चाहे काम कर रहे हों या बात कर रहे हों। दिक्कत तब होती है कि जब दिन में 1-2 बार झपकी लेने के बाद भी तरोताजा महसूस नहीं करते। यह जीवन के लिए घातक स्थिति नहीं है, लेकिन इससे जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है और कई रोगों का खतरा बढ़ जाता है। प्राइमरी हाइपरसोम्निया = यह सोने और जागने की क्रिया को नियंत्रित करने वाले मस्तिष्क के तंत्र में खराबी आने से होता है। सेकेंडरी हाइपरसोम्निया = यह उस स्थिति का परिणाम होता है, जिसके कारण गहरी नींद नहीं आती और थकान होती है। जैसे स्लीप एप्निया, इसके कारण रात में सांस लेने में परेशानी होती है और कई बार नींद खुलती है। कई दवाओं, कैफीन और एल्कोहल का अधिक मात्रा में सेवन भी हाइपरसोम्निया का कारण बन सकता है। थाइरॉएड और किडनी की परेशानियों में भी ऐसा होता है।

**इन लक्षणों से पहचानें:** हाइपरसोम्निया का सबसे प्रमुख लक्षण है लगातार थकान बनी रहना। अधिक नींद लेने के बाद भी सुबह उठने में परेशानी होना। इसके अलावा ऊर्जा की कमी, चिड़चिड़ापन, एंग्जाइटी, भूख न लगना, सोचने और बोलने में परेशानी होना, बेचैनी व चीजों को याद न रख पाना आदि लक्षण देखने को मिलते हैं।

**कारण:** स्लीप डिसॉर्डर नैक्रोप्लास्टी (दिन में उनींदापन महसूस करना) और स्लीप एप्निया (रात में नींद में सांस रुक जाना)। लगातार कई रातों तक नींद पूरी न हो पाना। शिफ्ट जॉब में काम करना



## पैरो में झुनझुनी और सुन्न होने की न करें अनदेखी

आमतौर पर कई लोगों को सोते समय पैरों में कंपन, खिंचाव और दर्द की शिकायत रहती हैं। अगर आप के साथ भी ऐसा है तो इसकी अनदेखी न कर डॉक्टर से संपर्क करें। यह एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी के संकेत हो सकते है। ऐसे में समय रहते अगर आप इसका इलाज नहीं करवाएंगे तो यह परेशानी पार्किंसंस में बदल सकती है। इसलिए जरूरी है कि वक्त रहते इसके लक्षणों की पहचान कर इसका उपचार बेहद जरूरी है। जब हम सामान्य अवस्था में होते हैं तो हमारे पैरों की मांसपेशियों और जोड़ों को सक्रिय बनाए रखने के लिए हमारा दिमाग न्यूरोट्रांस्मीटर्स के जरिए विद्युत तरंगों का प्रवाह करता है। इसी तरह जब हम बैठते या लेटते हैं तो यह प्रवाह रुक जाता है, लेकिन जब ब्रेन से विद्युत तरंगे लगातार प्रवाहित होती रहती हैं तो पैरों में कंपन होने लगती है। पैंरों में कंपन इसलिए होने लगती है क्योकि ब्रेन से निकलने वाला हॉर्मोन डोपामाइन इन तरंगों के प्रवाह को कंट्रोल करता है और इसकी कमी से इन तरंगों का प्रवाह होता ठीक वैसे होता रहता है जैसे जह आप किसी नल को ठीक से बंद नहीं करते और उससे लगातार बूंद बूंद पानी टपकता रहता है। वैसे तो यह परेशानी बेहद आम है, लेकिन अमूमन लोगों में चालीस वर्ष की आयु के बाद इसके लक्षण नजर आते हैं।

# पर्यटकों को खूबसूरती का अनोखा नजारा दिखता है मंदिरों के महागढ़ नाम से मशहूर जूनागढ़ में

**गिरनार पहाड़ियों की गोद में बसा हुआ जूनागढ़ गुजरात का सबसे ऊंचा स्थल है। इस क्षेत्र में आठ सौ से ज्यादा हिंदू और जैन मंदिर हैं, इसलिए इसे मंदिरों का महागढ़ भी कहा जा सकता है। जानेंगे यहां आएं तो किन जगहों की सैर को बिल्कुल न करें मिस।**

### भवनाथ मंदिर

गिरनार की तलहटी में स्थित और नागा साधुओं का संसार माना जाने वाला यह शिव मंदिर महाशिवरात्रि के दिन एक मिनी कुंभ मेले में परिवर्तित हो जाता है। विभिन्न जगहों से आए नागा साधु मंदिर में शिवजी की पूजा करते हैं और उनके हर-हर महादेव की नाद से गिरनार घाटी गूंज उठती है।



### कालिका मंदिर

इसे अघोरियों का मंदिर माना जाता है। लाल आंखों, बंधी हुई जटाओं और शरीर पर मली हुई भस्म के साथ अघोरी साधुओं की टोली स्वयं शिवजी के भूतों की टोली जैसी प्रतीत होती है। महाकाली और शिवजी के भक्त भवनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद यहां जरूर आते हैं।

### दत्तात्रेय मंदिर

गिरनार के सबसे ऊंचे शिखर पर विराजमान श्री दत्तात्रेय का छोटा सा मंदिर बादलों भरी घाटी में खिले फूल सा प्रतीत होता है।

### उपरकोट के वाव यानि कुएं

गुजरात और राजस्थान तो अपनी वाव और बावलियों के लिए मशहूर है, किंतु सोरठ में ज्यादातर कुओं यानि वाव की कहानियां मजेदार हैं।

### अडी कड़ी वाव

नौ परतों वाले इस गहरे कुएं में पत्थरों की सीढ़ियां उतर कर जाना पड़ता है। इसके निर्माण से जुड़ी कहानी है कि महीनों की खुदाई के बाद भी जब कुएं में पानी नहीं निकला, तब एक ज्योतिषी की सलाह पर दो बहनों अड़ी औक कड़ी ने कुएं में कूदकर बलिदान देने का फैसला किया था। बलिदान के साथ ही कुंआ पानी से भर गया और आज तक यह सूखा नहीं है। दोनों बहनों की याद में कोई पास के पेड़ पर चूड़ियां और चुनरी बांधता है तो कोई प्रार्थना करता है।

### सोरठ राज्य का किला

उपरकोट जूनागढ़ शहर का स्थापना से पहले गुजरात में रजवाड़े हुआ करते थे और सौराष्ट्र प्रदेश की यह नगर सोरठ राज्य का एक अहम हिस्सा थी। मौर्य राजाओं द्वारा बनवाए गए इस किले को हर राजवंश ने अपने वास्तुशिल्पों से तराशा और इस किले को अभेध गढ़ का खिताब दिलाया।



न्यूयार्क में चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लीसकोवा अमेरिकी ओपन टेनिस में रिटर्न शॉट लगाती हुई।

## उम्मीद है अब शतरंज खिलाड़ियों को भी मिलेंगे राष्ट्रीय पुरस्कार : आनंद



चेन्नै। पूर्व विश्व चैम्पियन विश्वनाथ आनंद ने कहा है कि शतरंज ओलिंपियाड में भारतीय टीम को स्वर्ण मिलने से अब इस बात की उम्मीद है कि आने वाले समय में शतरंज खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय पुरस्कार मिल पायेंगे। आनंद ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इससे कई सकारात्मक चीजें शुरू होगी जिसमें खेल मंत्रालय द्वारा अर्जुन पुरस्कार के लिए नाम पर विचार करने के साथ ही शतरंज के लिए द्रोणाचार्य अवॉर्ड भी शामिल है। पिछले काफी समय से किसी भी शतरंज खिलाड़ी को खेल पुरस्कार नहीं मिले हैं हालांकि आनंद को अर्जुन अवॉर्ड के अलावा खेल रत्न मिला है। शतरंज के लिए अंतिम बार साल 2013 में अभिजीत गुप्ता को अर्जुन पुरस्कार मिला था। शतरंज में सिर्फ दो कोच को ही अब तक द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला है, जिसमें रघुनंदन वसंत गोखले को सन 1986 और कोनेरू अशोक को साल 2006 में मिला था। आनंद ने कहा, 'कई बार आपको अपनी मौजूदगी का अहसास कराना होता है और मुझे उम्मीद है कि इस बार मिली जीत से सकारात्मक प्रेरणा मिलेगी।'

# फिटनेस का ध्यान रखें युवा खिलाड़ी : रोड्स



जोहांसबर्ग। आईपीएल टीम किंग्स इलेवन पंजाब के नए फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने खिलाड़ियों से अपनी फिटनेस का ध्यान रखने को कहा है। रोड्स का कहना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस काफी अच्छी है और युवा खिलाड़ियों को उनसे सीखना चाहिये। रोड्स ने कहा, 'ऊर्जा के नजरिए से देखें तो मेरी नजर हमेशा सीनियर खिलाड़ियों पर होती है कि वे अगुआई करें क्योंकि मयंक अग्रवाल, करूण नायर, दीपक हुड्डु जैसे कुछ प्रतिभावान युवा खिलाड़ी हैं जो काफी अच्छे क्षेत्ररक्षक हैं।% उन्होंने कहा, 'मेरी नजर में शमी जैसे खिलाड़ी इस टीम के लिए काफी अहम हैं क्योंकि उन पर अधिकतर नजर रहती है और वह अपने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के लिए भी जाने जाते हैं। रोड्स ने कहा, 'अगर शमी फिटनेस को लेकर शीर्ष स्तर स्थापित कर रहे हैं तो फिर युवा खिलाड़ियों के लिए भी उनके ही नक्शेकदम पर चलना आसान हो जाता है।% आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल करेंगे। रोड्स किंग्स इलेवन पंजाब के साथ पहली बार जुड़े हैं। वह दो साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे हैं।

## बीएसएनएल ने पेश ?किया 365 दिन का नया प्लान

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अपने ग्राहकों के लिए 1499 रुपए वाला एक नया प्रीपेड प्लान पेश ?किया है। यह एक साल की वैलिडिटी वाला प्लान है जिसमें ग्राहकों को डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग मिलेगी। कंपनी ने इस नए प्लान का ऐलान बीएसएनएल चेन्नई के ट्विटर अकाउंट पर किया है। इस प्लान का नाम पीवी 1499 है। कंपनी के 1499 रुपए वाले प्लान में 365 दिन की वैलिडिटी और 24जीबी इंटरनेट डेटा दिया जाता है। इसमें सभी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग की सुविधा मिलती है, साथ ही प्र ?तिदिन 100 एसएमएस भी दिए जाते हैं। कंपनी के प्रमोशनल ऑफर के तहत शुरुआती 90 दिन में इस प्लान को लेने वाले ग्राहकों को 30 दिन की अतिरिक्त वैलिडिटी भी दी जाएगी। इस तरह ग्राहक को 365 की जगह 395 दिनों की वैलिडिटी मिलती है। कंपनी 365 रुपए का एक दूसरा प्लान भी ऑफर करती है, जिसमें 365 दिन की वैलिडिटी मिलती है। इस प्लान में आपको रोजाना 250 मिनट की कॉलिंग और 2जीबी डेटा और 100 एसएमएस हर रोज मिलता है। बेनेफिट्स की वैलिडिटी केवल 60 दिनों के लिए है, जबकि प्लान की वैलिडिटी 365 दिन की है।

# तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करें धोनी : गंभीर

**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि 19 सितंबर से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आना चाहिये। गंभीर के अनुसार अनुभवी बल्लेबाज सुरेश रैना के टीम से हटने के बाद धोनी के पास तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का अवसर है। गंभीर ने कहा, '' धोनी पिछले एक साल से खेल से दूर हैं, इसलिए उन्हें अधिक से अधिक गेंदों का सामना कर अपनी लय हासिल करने के साथ ही टीम में एंकर की वैसी ही



भूमिका निभानी चाहिये जैसी वह भारतीय टीम के लिए निभाते आये हैं। '' तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए भी वह फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। धोनी के बाद केदार जाधव, ड्वेन ब्रावो, सैम कुरेन को बल्लेबाजी के लिए भेजना चाहिये। गंभीर ने कहा, '' धोनी जैसे खिलाड़ी के लिए यह वापसी का शानदार मौका है और मुझे भरोसा है कि वह इसका फायदा उठाएंगे। रैना के टीम में नहीं होने से वैसे भी तीसरे नंबर पर एक अनुभवी बल्लेबाज की जरुरत है जो लंबी पारी खेलकर टीम को संभाल सके। अपने लंबे अनुभव को देखते हुए धोनी इस काम के लिए सबसे बेहतर रहेंगे।

# गांगुली को आईपीएल सत्र बेहद सफल रहने की उम्मीद

**पुणे।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि आईपीएल का 13 वां सत्र बेहद सफल रहेगा और उम्मीद है कि यह टी20 लीग अब तक के टेलीविजन रेटिंग के सभी रिकार्ड तोड़ देगी। देश में कोरोना महामारी के बढ़ते खतरे को देखते हुए इस बार आईपीएल का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह शहरों में 19 सितंबर से होगा हालांकि इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स दल में मिले कोरोना संक्रमण के मामलों से लीग की सपफलता पर सवाल उठने लगे हैं। गांगुली ने एक कार्यक्रम में कहा, 'दर्शक इसे



टेलीविजन पर देखेंगे। ऐसे में प्रसारकों को इस सत्र में आईपीएल की सर्वाधिक रेटिंग की उम्मीद है क्योंकि उनका मानना ??है कि अगर खेल प्रशंसक स्टेडियम में नहीं आते हैं, तो वे अपने टेलीविजन सेट पर मैच अवश्य देखेंगे।% उन्होंने कहा, 'हर किसी चीज का एक सकारात्मक पक्ष भी होता है।% गांगुली कहा कि आईपीएल आयोजित करना इसलिए जरूरी है ताकि लोगों के मन में उत्साह उत्पन्न किया जा सके जिससे इस महामारी के बीच भी वे सामान्य स्थिति बहाल हो सके। कोरोना महामारी के बाद से ही लोगों के जीवन में कई बाधाएं आई हैं।

## आईपीएल में सभी को रैना की कमी खलेगी : वॉटसन

**सिडनी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके ) टीम में शामिल ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शेन वॉटसन ने कहा कि आईपीएल में सभी को बल्लेबाज सुरेश रैना की कमी खलेगी। रैना आईपीएल शुरु होने के पहले ही टीम के दो खिलाड़ियों को कोरोना संक्रमण होने के बाद रैना अचानक ही भारत लौट गये थे जिससे प्रशंसकों को भी हैरानी हुई। वाटसन ने कहा कि रैना की कमी केवल टीम के साथी खिलाड़ियों को नहीं बल्कि सभी टीमों के खिलाड़ियों को महसूस होगी। वॉटसन ने कहा कि मेरी शुभकामनाएं रैना के साथ हैं और उम्मीद करता हूं कि सब कुछ ठीक रहेगा। चेन्नई टीम में हम सबको आपकी कमी खलेगी। आप चेन्नई टीम के स्टार हो, आप टीम का दिल हो और आपकी कमी आईपीएल टूर्नामेंट को भी खलेगी पर अपना ध्यान रखना सबसे ज्यादा अहम है। उम्मीद करता हूं कि आप ठीक होंगे।

## अगस्त में मारुति की बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 1.24 लाख इकाई पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की बिक्री अगस्त में 17.1 प्रतिशत बढ़कर 1,24,624 इकाई पर पहुंच गई। एक साल पहले समान महीने में कंपनी ने 1,06,413 वाहन बेचे थे। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि अगस्त में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री 20.2 प्रतिशत बढ़कर 1,16,704 इकाई पर पहुंच गई, जो अगस्त, 2019 में 97,061 इकाई रही थी। माह के दौरान कंपनी की मिनी कारों..आल्टो और वैगन आर की बिक्री 94.7 प्रतिशत बढ़कर 19,709 इकाई पर पहुंच गई, जो अगस्त, 2019 में 10,123 इकाई थी। इसी तरह कॉम्पैक्ट खंड में स्विफ्ट, सेलेरियो, इग्निस, बलेनो और डिजायर की बिक्री 14.2 प्रतिशत बढ़कर 61,956 इकाई पर पहुंच गई, जो अगस्त, 2019 में 54,274 इकाई रही थी। मध्यम आकार की सेडान सियाज की बिक्री 23.4 प्रतिशत घटकर 1,223 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,596 इकाई थी। कंपनी के यूटिलिटी वाहनों विटारा ब्रेजा, एस-क्रॉस और एर्टिगा की बिक्री 13.5 प्रतिशत बढ़कर 21,030 इकाई पर पहुंच गई, जो अगस्त, 2019 में 18,522 इकाई रही थी। अगस्त में कंपनी का निर्यात 15.3 प्रतिशत घटकर 7,920 इकाई रह गया, जो एक साल पहले समान महीने में 9,352 इकाई रहा था।

## हवाई सफर करना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** विमानन मंत्रालय ने एविएशन सिक्योरिटी फीस (एएसएफ) में न्यूनतम 10 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। ये चार्ज मंगलवार से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से वसूला जाएगा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर एएसएफ अलग अलग होता है। एएसएफ के तौर पर विमानन मंत्रालय घरेलू यात्रियों से अभी 150 रुपए वसूलता था, लेकिन अब 160 रुपए चुकाने पड़ेंगे। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से पहले 4.85 डॉलर लिया जाता था, अब उनसे 5.2 डॉलर वसूला जाएगा। इस फीस में अलग-अलग एयरलाइंस की गाइडलाइन और विमानों की संख्या के आधार पर दो से तीन रुपए का अंतर हो सकता है। विमानन मंत्रालय ने एक साल पहले 7 जून 2019 को भी एएसएफ में बढ़ोतरी की थी, तब एएसएफ को घरेलू यात्रियों के लिए 130 रुपए से बढ़ाकर 150 रुपए कर दिया गया था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 272 और निफ्टी 82 अंक उछला

**मुंबई ।** मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में यह बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले सकारात्मक रुख के साथ ही भारती एयरटेल, एचयूएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आयी तेजी से आई है। इसी के साथ ही 30 शेयरों वाल बीएसई सेंसेक्स दिन भर के कारोबार के बाद 272.51 अंक करीब 0.71 फीसदी बढ़कर 38,900.80 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.75 अंक तकरीबन 0.73 फीसदी बढ़कर 11,470.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्याद लाभ में भारती एयरटेल के शेयर रहे। टेलीकाम कंपनियों को कुछ शर्तों के साथ समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से संबंधित बकायों को सरकार को लौटाने के लिये 10 साल का समय दिये जाने के बाद से इसके शेयरों में 6 फीसदी से अधिक की तेजी



आयी है। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी और एसबीआई के शेयर भी ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर ओएनजीसी, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट आई है। कुछ वित्तीय कंपनियों के साथ दूरसंचार और धातु कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। इससे पहले सोमवार को जीडीपी आंकड़ों के पहले बाजार में भारी गिरावट आई थी। वहीं मंगलवार को सुबह बाजार की तेज शुरुआत हुई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 399.53 अंक की बढ़त के साथ 39,027.82 अंक पर पहुंच गया। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 116.70 अंक के लाभ के साथ 11,504.20 अंक पर था। दिग्गज शेयरों के साथ ही मिडकैप शेयरों में भी कमजोरी दर्ज की गयी। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.18 फीसदी हल्की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। स्मॉलकैप शेयरों में कमजोरी रही। बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 0.18 फीसदी की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा था। तेल-गैस शेयरों में भी कमजोरी आई।



### छावनी क्षेत्र के विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए बनी सहमति

# राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने सेना के अधिकारियों के साथ किया छावनी क्षेत्र का भ्रमण





**ग्वालियर।** छावनी क्षेत्र (केन्टोनमेंट) मुरार की बुनियादी समस्याओं के समाधान के सिलसिले में प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने मुरार कैन्ट के ब्रिगेडियर श्री सुशील विश्वास एवं सीईओ श्री मोहम्म्द अली के साथ मंगलवार को केन्टोनमेंट क्षेत्र का भ्रमण किया। सेना के अधिकारियों के साथ हुए भ्रमण एवं बैठक में छावनी क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों को मूर्त रूप देने एवं बुनियादी समस्याओं के समाधान पर सहमति बनी है। केन्टोनमेंट क्षेत्र में सिविल और डिफेंस क्षेत्र की हदबंदी (डिमारकेशन) करने संबंधी आदेश को मूर्तरूप देने के संबंध में भी सेना के अधिकारियों के साथ मंत्री श्री कुशवाह की विस्तार से चर्चा हुई है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने बताया कि छावनी क्षेत्र के महेशपुरा व लाल टिपारा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित सीवर लाईन जोड़ने पर सेना के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सहमति बनी है। साथ ही बंशीपुरा नाले पर पुलिया निर्माण और इस क्षेत्र में एक रिंग रोड़ बनाने पर भी सेना के अधिकारियों ने सैद्धांतिक सहमति जताई है। श्री कुशवाह ने बताया कि हाथीखाना में लगभग 6 मीटर चौड़ी सीमेंट कंक्रीटयुक्त सड़क बनाई जायेगी। साथ ही केन्टोनमेंट क्षेत्र में स्थित स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूल भवन का उन्नयन भी अब किया जा सकेगा। केन्टोनमेंट क्षेत्र की अन्य सड़को के उन्नयन की बाधा दूर करने अर्थात सेना की एनओसी प्राप्त करने के उद्देश्य से राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने मंगलवार को सेना के अधिकारियों के साथ विभिन्न सड़कों का मुआयना किया।

## वंदे मातरम् गायन के बाद शासकीय सेवकों ने शुरू किया कार्य



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वंदे मातरम् गायन के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद ही अपने शासकीय कार्य की शुरूआत की जाती है। सितम्बर माह में प्रथम कार्य दिवस मंगलवार को प्रातः 10.30 बजे संभागीय कार्यालय मोतीमहल ग्वालियर में उपायुक्त राजस्व श्री आर पी भारती की उपस्थिति में वंदे मातरम् कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें संभागीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ग्वालियर।** शहर के थाटीपुर थाना क्षेत्र में स्थित श्री नगर कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाने के श्रीनगर कॉलोनी में रहने वाला रवि माहौर पीओपी का काम करता था बीती रात उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह परिजनों को उसका शव कमरे में फांसी पर झूलता मिला घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है!

## क्राइम ब्रांच ने सात हथियार तस्कर दबोचे, 200 ग्राम ब्राउन शुगर भी मिली



**ग्वालियर।** ग्वालियर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान एक एसयूवी कार से तस्करी कर ला रहे अवैध हथियारों का जखीरा बरामद कर पकडे गये आरोपियों के पास से 200 ग्राम ब्राउन शुगर भी पकडी है। पुलिस पकडे गये तस्करों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक अमित सांधी ने शाम को पत्रकारों को बताया कि बीती रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शिवपुरी -पनिहार के पास से एक कार में अवैध हथियारों के साथ ग्वालियर की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर से क्राइम ब्रांच पुलिस ने शिवपुरी -पनिहार रोड पर एक पुराने क्रेशर केपास नयागांव हाइवे पर चेकिंग शुरू की। पुलिस चैकिंग के दौरान क्राईम टीम को एक सफेद रंग की एसयूवी 500 कार क्रमांक एमपी07.सीजी.8206 आती दिखी। पुलिस चेकिंग को देख कार चालक द्वारा ने गाड़ी घुमाकर वापस भागने की कोशिश की, तभी घेराबंदी कर क्राइम ब्रांच ने कार को पकड लिया। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर पकडे गये युवकों ने अपने नाम विक्रम राणा, राहुल राजावत, बंटी लोधी पुष्पेन्द्र उर्फ पुस्सू भदौरिया, अमन सिंह, करन राणा उर्फ कुन्नू एवं शरद झा बताये। पकडे गये युवकों की तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 200 ग्राम ब्राउन शुगर कीमत लगभग 20लाख की एवं 15 पिस्टल मैग्जीन खाली मिली। उक्त तस्करों से पिस्टल व ब्राउन शुगर के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि वह पिस्टलें धार व झाबुआ जिले से लाकर ग्वालियर के आसपास के क्षेत्रों मे 20-25 हजार रूपये में बिक्री करते थे। क्राईम ब्रांच ग्वालियर द्वारा उक्त सभी तस्करों के विरूद्ध थाना क्राइम ब्रांच में एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर इनके गिरोह व सप्लायर के संबंध मेंउनसे सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को पता चला है कि पकडे गये आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, अवैध हथियार तथा मादक पदार्थो की तस्करी के दर्जनों प्रकरण विभिन्न थानों मे दर्ज है।

### गंगाजल युक्त चलित जलाशयों में शहरवासियों ने किया

# श्री गणेश जी की मूर्तियों का विसर्जन



**ग्वालियर।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम ग्वालियर द्वारा आयोजित गंगाजल युक्त चलित जलाशय का प्रयोग अब लाभान्वित होने लगा है। शहरवासी पूरी श्रद्धाभाव से अब इसमें श्री गणेश मूर्ति विसर्जन करते हैं। अनंत चौदस के दिन 30 वाहनों में लगभग 30 हजार से अधिक श्रीगणेश मूर्तियां विसर्जित की गईं। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ग्वालियर द्वारा पिछले 9 वर्षों से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। संस्थापक एवं अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि अब लोगों में यह पूरी आस्था का केन्द्र हो गया है और लोग फोन करके अपने घर और गली-मोहल्लों में चलित जलाशयों को आमंत्रित करते हैं। जब हमने इस काम की शुरुआत की थी तो लोगों ने इसे एक अभिनव प्रयोग के रूप में देखना शुरू किया था, लेकिन अब इसे अपनाया भी है। सबसे बडी बात कोरोना की इस भीषण महामारी में वरिष्ठ नागरिकों ने इसमें बढ-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम संयोजक एम.एल. अरोरा, लश्कर इकाई के अध्यक्ष अशोक शर्मा तूफान, संयोजक टी.एस. सक्सेना, राकेश परिहार, एस.के. दास सहित पूरी टीम ने 30 वाहनों में लगभग 30 हजार मूर्तियां एकत्रित कर सागरताल में विसर्जित कराईं। जैन ने बताया कि हम उन ऑटोमोबाइल व्यवसाईयों के आभारी हैं, जिन्होंने निःशुल्क नये वाहन उपलब्ध कराये, वैक्टस लिमिटेड ने निःशुल्क नई पानी की टंकियां उपलब्ध कराईं, नगर निगम के सभी कर्मचारियों ने इसमें अपना योगदान दिया।

### प्रेमी युगल के शव कुए में मिले

**ग्वालियर।** जिले के बिलौआ थाना क्षेत्र में लखनपुरा में मंगलवार की सुबह कुएं में एक प्रेमी युगल के शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया! घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और दोनों मृतकों के शव कुएं से निकालकर पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है! जानकारी के अनुसार बिलौआ थाना क्षेत्र के लखनपुरा में रहने वाला रूप सिंह कुशवाहा 22 साल का गांव की ही रहने वाली भावना बघेल से प्रेम प्रसंग चल रहा था बीती रूप सिंह और भावना घर से गायब हो गए परिजनों ने तलाश रहे थे मंगलवार की सुबह जब लोगों ने देखा तो गांव के पास कुएं में रूप सिंह और भावना के सब पढ़े थे घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और दोनों मृतकों के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है!

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ग्वालियर।** देहात के बिजौली थाना क्षेत्र में बैरजा के पास एक तेज गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है! जानकारी के अनुसार ग्राम बिलहटी निवासी शंभू दयाल शर्मा प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड है वह आज सुबह अपनी बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे तभी बिजौली थाना क्षेत्र में बैरजा के पास एक कार नंबर एम पी 07 सीएफ 9643 ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी घटना में बाइक सवार शंभू दयाल शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है!

### बाजार गई छात्रा लापता अपहरण का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** उपनगर मुरार थाना क्षेत्र के आर्य नगर में रहने वाली एक छात्रा बाजार गई थी उसके बाद वापस नहीं लौटी पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश प्रारंभ कर दी है जानकारी के अनुसार मुरार थाना क्षेत्र के आर नगर में रहने वाली 16 साल की एक छात्रा बीती शाम बाजार गई थी उसके बाद घर नहीं लौटी परिजनों ने उसकी तलाश की जब कुछ सुराग नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी पुलिस ने जांच के बाद अपहरण का मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है!

### चोरों ने चटकाए मकान के ताले नकदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** नगर में सक्रिय चोर बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में एक सूने मकान के ताले चटका कर 62 हजार की नगदी तथा गहने चोरी कर ले गए पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में रहने वाले जाकिर खान ने घर के पास ताजिया स्थापित किया था बीती रात सभी लोग ताजिए के पास सो रहे थे तभी चोरों ने उनके सूने मकान के ताले चटका दिया और घर में रखी 62 हजार की नगदी तथा सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश प्रारंभ कर दी है!

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

निःशुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे

E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478